हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 47, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 14 अगस्त, 2023 दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

विदेशों में फंसे प्रदेशवासियों को वापस पहुंचाएंगे घर : योगी

गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं

गोरखपुर। अपने दो दिवसीय गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन रविवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में देवरिया व कुशीनगर से कुछ महिलाओं ने अपने परिजनों के थाइलैंड, ओमान आदि देशों में फंसे होने की जानकारी देकर उनकी घर वापसी की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि चिंता मत करिए, सबकी मदद की जाएगी। विदेशों में फंसे लोगों की वापसी कराई जाएगी। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दूतावास से संपर्क कर जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सीएम ने 200 लोगों की सुनीं समस्याएं- गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

जमीन कब्जा करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं- इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत भी दी कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। आपराधिक मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

सीएम योगी ने की हर- घर तिरंगा की शुरूआत- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरूआत की। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तिरंगा फहराने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने सेल्फी भी ली।

बलूचिस्तान में चीनी कामगारों पर हमला, 13 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक हमले में चार चीनी नागरिक समेत 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पाकिस्तानी सेना के नौ सैनिक भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आत्मघाती दस्ते माजिद ब्रिगेड ने ग्वादर में चीनी कामगारों पर आज के हमले की जिम्मेदारी ली है। बीएलए का कहना है कि उसके दो मजीद ब्रिगेड 'फिदायीन' ने हमले में हिस्सा लिया। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दो कथित हमलावरों की तस्वीरें जारी की हैं। अस्पताल और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, आज के हमले में अब तक कई लोग मारे गए हैं और घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, बंदरगाह शहर ग्वादर में विस्फोटों और गोलियों की आवाज सुनी जा सकती हैं। यहां की सभी सड़कों को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। चीनी इंजीनियरों के काफिले पर सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। सरकारी अधिकारियों ने भी ग्वादर में चीनी इंजीनियरों पर हमले की पुष्टि की है। एक मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, चीनी इंजीनियरों पर फकीर कॉलोनी ग्वादर के पास हमला हुआ। चीनी इंजीनियरों के काफिले पर हमले के बाद ग्वादर में धमाकों का सिलसिला जारी है। बंदरगाह को चारों ओर से घेर लिया गया है। सभी रास्ते बंद कर दिए गए हैं।

अखिलेश यादव का योगी सरकार पर हमला, कहा- भाजपाई राजनीति के लिए बुलडोजर जरूरी, जनता के लिए एंबुलेंस नहीं

लखनऊ। राजधानी में एंबुलेंस के 30 मिनट बाद भी न पहुंचने पर अस्पताल जा रही गर्भवती महिला के राज भवन के गेट नंबर 13 के सामने बच्चे को जन्म देने के मामले में समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर सरकार को घेरा। प्रमुख सचिव को इस मामले की जांच सौंपी गई है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक अपनी गाड़ी पर बैठा कर पीड़ित पिता को लेकर नवजात के भ्रूण के शव को दफन करवाने गए। बृजेश पाठक ने कहा कि पीड़ित की हर संभव मदद की जा रही है। वीरांगना झलकारी बाई महिला चिकित्सालय में महिला को भर्ती कराया गया है इलाज चल रहा है और महिला स्वस्थ है। उन्होंने कहा पूरे मामले में जो भी दोषी पाए जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच के आदेश दे दिए गए हैं। अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमलावर होते हुए प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर ट्वीट कर कहा कि एक तो उप्र की राजधानी लखनऊ, उस पर राजभवन के सामने फिर भी एंबुलेंस के न पहुंचने की वजह से एक गर्भवती महिला को सड़क पर शिशु को जन्म देना पड़ा। मुख्यमंत्री जी इस पर कुछ बोलना चाहेंगे या कहेंगे हमारी भाजपाई राजनीति के लिए बुलडोजर जरूरी है, जनता के लिए एंबुलेंस नहीं। शिवपाल यादव ने ट्वीट कर प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सूबे की स्वास्थ्य व्यवस्था अपने लाख विज्ञापनों व दावों के बावजूद वेंटिलेटर पर है। एम्बुलेंस न मिलने पर रिक्शे से अस्पताल जा रही गर्भवती महिला को राज भवन के पास सड़क पर प्रसव के लिए मजबूर होना पड़े तो यह पूरी व्यवस्था के लिए शर्मनाक व सूबे की स्वास्थ्य व्यवस्था की असल हकीकत है। लखनऊ में राज भवन के गेट नंबर 13 के सामने आज दोपहर एक गर्भवती महिला ने बच्चे को जन्म दिया। पति जब तक महिला और बच्चे को लेकर हॉस्पिटल पहुंचा तबतक बच्चे की मौत हो गई। बता दें कि पति गर्भवती महिला को रिक्शे पर लेकर अस्पताल जा रहा था। तभी महिला तबियत बिगड़ने पर बेसुध हो गई। रिक्शे उतर कर सड़क पर बैठाया और एंबुलेंस को काल की गई। महिला सड़क पर तड़प रही थी एंबुलेंस को सूचना दी गई लेकिन 30 मिनट के बाद भी कोई एंबुलेंस नहीं पहुंची। इस पर वहां मौजूद महिलाओं ने साड़ी का घेरा बनाया उसके बाद महिला ने बच्चें को जन्म दिया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चें ने दम तोड़ दिया। वहीं महिला झलकारी बाई अस्पताल में एडमिट है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

दीपोत्सव पर रिकॉर्ड 21 लाख दीये जलाकर रामनगरी को जगमग करेगी योगी सरकार, वर्चुअल जुड़ सकेंगे लोग

अयोध्या। रामनगरी में दीपोत्सव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। योगी सरकार के सातवें दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की योजना है। इस बार 21 लाख दीप जलाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। वहीं इस बार घर बैठे लोग वर्चुअल रूप से दीपोत्सव से जुड़ सकेंगे। यह निर्णय राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के पत्र के बाद लिया गया है। प्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने अयोध्या के अधिकारियों के साथ एक वर्चुअल बैठक की। बैठक में अयोध्या मंडलायुक्त गौरव दयाल, डीएम नीतीश कुमार व क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रमुख सचिव से जुड़े। वर्चुअल बैठक में राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा की ओर से प्रमुख सचिव पर्यटन को लिखे गए पत्र पर चर्चा की गई। जिसमें सातवां दीपोत्सव वर्चुअल मनाने के लिए कहा गया था। बैठक में तय हुआ कि दीपोत्सव इस बार वर्चुअल भी मनाया जाएगा। इसके जरिए इस उत्सव से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि इस बार नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। राम की पैड़ी सहित पूरी अयोध्या में 21 लाख दिए जलाने का योगी सरकार का लक्ष्य है। दीपोत्सव की शुरूआत 2017 में हुई थी, यह सातवां दीपोत्सव होगा। हर दीपोत्सव में अयोध्या ने दीप जलाने का रिकॉर्ड बनाया है, इस बार भी रिकॉर्ड बनेगा। पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि एक एप बनाया जाएगा जिससे लोगों को आसानी से जोड़ा जाएगा। जो लोग एप के माध्यम से दीपोत्सव कार्यक्रम से जुड़ेंगे उनको एक प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। दीप जलाने के बाद जो लोग दीये लेना चाहें उस दीये का शुल्क 11 व 21 रुपये रखा जाएगा। जो लोग ऑनलाइन पेमेंट करेंगे उनको दीये के साथ प्रसाद भी दिया जाएगा।

गलवां में झड़प के बाद वायु सेना ने पूर्वी लद्दाख पहुंचाए 68000 जवान, दुश्मन पर 24 घंटे रखी जा रही नजर

नई दिल्ली। गलवां घाटी में हिंसक झड़पों के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तेजी से तैनाती के लिए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने देशभर से सेना के 68 हजार से ज्यादा जवानों और लगभग 90 टैंकों और अन्य हथियार प्रणालियों को हवाई मार्ग से पूर्वी लद्दाख पहुंचाया। रक्षा और सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े शीर्ष सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना ने 15 जून, 2020 को दोनों पक्षों के बीच दशकों में हुए गंभीर सैन्य संघर्ष के मद्देनजर लड़ाकू विमानों के कई स्क्वाड्रनों को आक्रामक स्थिति में रखा है। इसके अलावा दुश्मन के निर्माण पर चौबीसों घंटे निगरानी और खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए क्षेत्र में अपने एसयू-30 एमकेआई और जगुआर विमान तैनात किए गए। सूत्रों ने बताया कि एक विशेष अभियान के तहत एलएसी के पास विभिन्न दुर्गम इलाकों में त्वरित तैनाती के लिए भारतीय वायुसेना के परिवहन बेड़े ने 'बहुत कम समय' में सैनिकों और हथियारों को पहुंचाया। उन्होंने बताया कि बढ़ते तनाव के मद्देनजर वायुसेना ने चीनी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए क्षेत्र में बड़ी संख्या में रिमोट से संचालित होने वाले विमानों (आरपीए) को भी तैनात किया था। उन्होंने बताया कि वायुसेना के विमानों ने भारतीय सेना के कई डिवीजनों को

एयरलिफ्ट किया, जिसमें कुल 68,000 से अधिक सैनिक, 90 से अधिक टैंक, करीब 330 बीएमपी इन्फैंट्री लड़ाकू वाहन, रडार सिस्टम, आर्टिलरी गन और कई अन्य उपकरण शामिल थे। उन्होंने बताया कि सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस और सी-17 ग्लोबमास्टर विमानों सहित वायुसेना के परिवहन बेड़े का कुल भार 9,000 टन था और यह भारतीय वायुसेना की बढ़ती रणनीतिक एयरलिफ्ट क्षमताओं को दिखाता है।

खालिस्तानियों से निपटने को तैयार ब्रिटेनः 'भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा के लिए उठाएंगे कदम', बोले सुरक्षा मंत्री

नई दिल्ली। खालिस्तानियों द्वारा लगातार भारतीयों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में ब्रिटिश सुरक्षा मंत्री टॉम टुगेनहॉट ने साफ कर दिया है कि ब्रिटेन लंदन में भारतीय उच्चायोग और उसके स्टाफ सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। गौरतलब है, ब्रिटिश सुरक्षा मंत्री टुगेनहॉट कोलकाता में जी20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए 10-12 अगस्त तक तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आए हुए थे। उन्होंने दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बातचीत की। अब वरिष्ठ मंत्री टुगेनहॉट ने कहा कि ब्रिटिश सरकार खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों पर भारत की चिंताओं पर बात कर रही है। ब्रिटेन में लोगों को कट्टरपंथी बनाने के किसी भी प्रयास से अधिकारी निपटेंगे। उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि ब्रिटेन में किसी भी नागरिक को कोई परेशानी होगी तो वो किसी एक देश की चिंता नहीं है बल्कि एक ब्रिटिश समस्या है। ब्रिटेन के अगर किसी भी नागरिक को कट्टरपंथी बनाने का प्रयास किया जाएगा तो सरकार सख्ती से निपटेगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारे पास इन सबसे निपटने के लिए रोकथाम कार्यक्रम है। इसका उपयोग विभिन्न समुदायों में कट्टरपंथ की चुनौतियों का सामना करने के लिए कर रहे हैं। बता दें, मार्च में कुछ खालिस्तान समर्थकों ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग से तिरंगा उतारने की कोशिश की और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। घटना के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन की उच्चायुक्त को तलब किया और नाराजगी जाहिर की थी। ब्रिटिश मंत्री ने दिल्ली में हुई मुलाकात को लेकर कहा कि हाल के दिनों और हफ्तों में, मैं अपने दोस्तों और विशेष रूप से भारतीय उच्चायोग के लोगों के साथ मिलकर काम कर रहा हूं। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं। लंदन में भारतीय लोग सुरक्षित हैं और जो कोई भी उन्हें धमकी देता है तो उससे कानून के तहत निपटा जाएगा।

रामजन्मभूमि के पुजारियों को मिलेगी सरकारी स्तर की सुविधा, सैलरी बढ़ेगी, आवास और अवकाश भी दिया जाएगा

अयोध्या। रामजन्मभूमि के पुजारियों के अच्छे दिन आने वाले हैं। अब पुजारियों व कर्मचारियों को सरकारी स्तर की सुविधा मुहैया कराने की तैयारी है। श्रीरामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि रामलला की सेवा में नियुक्त पुजारियों और कर्मचारियों को अब सरकारी स्तर की सुविधा श्रीराममंदिर ट्रस्ट देगा। बताया कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही पुजारियों व कर्मचारियों को विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, इस पर मंथन चल रहा है। सत्येंद्र दास का दावा है कि अब पुजारी के रहने-खाने और चिकित्सीय सुविधाओं के साथ-साथ आवासीय भत्ता भी दिया जाएगा। यही नहीं सरकारी अवकाश होने पर पर पुजारियों को भी अवकाश दिया जाएगा। रामलला की सेवा में अभी चार पुजारी सहित कुल आठ कर्मचारी तैनात हैं। बताया कि पुजारियों के वेतन भी बढ़ाए जाने की तैयारी है।

नौ और मामलों की जांच CBI करेगी, कई केस पहले से ही केंद्रीय एजेंसी के पास; अब तक 160 की मौत

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) मणिपुर हिंसा से संबंधित नौ और मामलों की जांच करने के लिए तैयार है, जिससे एजेंसी द्वारा जांच किए गए मामलों की कुल संख्या 17 हो जाएगी। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी की जांच इन 17 मामलों तक सीमित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध या यौन उत्पीड़न से संबंधित किसी अन्य मामले को भी प्राथमिकता के आधार पर सीबीआई को भेजा जा सकता है। सीबीआई ने अब तक आठ मामले दर्ज किए हैं जिनमें मणिपुर में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न से जुड़े दो मामले शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि वह नौ और मामलों को अपने हाथ में लेने की प्रक्रिया में है। उनके अनुसार, जांच एजेंसी राज्य के चुराचांदपुर जिले में कथित यौन उत्पीड़न के एक और मामले को अपने हाथ में ले सकती है। अधिकारियों ने बताया कि जातीय आधार पर समाज के विभाजित होने के कारण सीबीआई के सामने मणिपुर अभियान के दौरान पक्षपात के आरोपों से बचने की अहम चुनौती है क्योंकि इसमें एक समुदाय के लोगों की संलिप्तता से दूसरे पक्ष की ओर से उंगलियां उठेंगी। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई द्वारा जांच किए जा रहे इनमें से कई मामलों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित

जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के प्रावधान शामिल हो सकते हैं, जिनकी जांच पुलिस उपाधीक्षक रैंक के अधिकारी द्वारा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में डिप्टी एसपी पर्यवेक्षी अधिकारी नहीं हो सकते हैं, इसलिए एजेंसी जांच की निगरानी के लिए अपने पुलिस अधीक्षकों को जुटाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी सभी फोरेंसिक नमूनों को अपनी केंद्रीय फोरेंसिक साइंस लेब्रोटरी में स्थानांतरित कर देगी क्योंकि दोनों में से किसी भी समुदाय के किसी भी सहयोगी द्वारा नमूना संग्रह से जांच की निष्पक्षता पर सवालिया निशान लग सकता है। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित मामलों की जांच के लिए राज्य में महिला अधिकारियों को भी तैनात किया है।

राज्य में तीन मई को शुरू हुई जातीय हिंसा में अब तक 160 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। हिंसक झड़पे तब शुरू हुईं जब बहुसंख्यक मैतई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) के दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' का आयोजन किया गया था। मणिपुर की आबादी में मैतई समुदाय की हिस्सेदारी करीब 53 फीसदी है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नगा और कुकी शामिल हैं, 40 फीसदी हैं और ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

ठाणे के अस्पताल में पिछले 48 घंटों में 18 मौतें, मंत्री बोले- लापरवाही मिली तो कार्रवाई करेंगे

मुंबई। महाराष्ट्र में ठाणे जिले के कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में पिछले 48 घंटों में 18 मौतें दर्ज की गई हैं। इसके बाद से स्वास्थ्य विभाग में अफरातफरी का माहौल है। ठाणे नगर आयुक्त अभिजीत बांगर ने बताया कि पिछले 48 घंटों में 18 मौतें हुई हैं। जिन मरीजों की मौत हुई है, उनमें से कुछ पहले से ही क्रोनिक किडनी रोग, निमोनिया, हृदय रोग, दीर्घकालिक फेफड़े के रोग, केरोसिन विषाक्तता, सड़क दुर्घटना और अन्य बीमारियों का इलाज करा रहे थे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने मुझसे चर्चा की है, मैंने उन्हें इस बारे में जानकारी दी। मैंने इस बारे में मुख्यमंत्री जी को पूरी जानकारी दे दी है। इस घटना की निष्पक्ष जांच के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मरीजों को उचित उपचार मिला या नहीं। महाराष्ट्र के मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि हमारी संवेदनाएं परिवारों के साथ हैं। अगर कोई लापरवाही पाई गई तो कार्रवाई होगी और मुआवजा भी दिया जाएगा।

संपादकीय

भ्रष्टाचार और कमीशन पर सियासत

मध्यप्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों ने द्वारा प्रदेश के 41 जिलों में कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की खबर है। कमीशन की चिट्ठी प्रियंका गांधी, कमलनाथ और अरुण यादव ने अपने ट्विटर हैंडल में डाली थी। इसके बाद सोशल मीडिया में यह चिट्ठी बड़ी तेजी के साथ वायरल हुई। सरकार और भाजपा संगठन हरकत में आया। ताबड़तोड़ तरीके से प्रदेश के 41 जिलों में दोनों नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई। पुलिस ने जो पत्र सोशल मीडिया में वायरल हुआ था उसकी जांच की, तो पता लगा कि शिकायतकर्ता का नाम और पता झूठा है। उसके बाद आरोप प्रत्यारोप की झड़ी लगइ गई। भाजपा और कांग्रेस के बीच में वह अर्थात पुलिस भी आ गई है। कांटेक्टर के हवाले से कमीशन को लेकर जो चिट्ठी लिखी गई थी। उस को आधार बनाकर पुलिस ने भाजपा पदाधिकारियों के आवेदन पर धारा 420 (धोखाधड़ी)ओर 469 कूट रचित इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों को तैयार करने के आरोप में एफआइआर दर्ज की है। भाजपा कार्यकताओं द्वारा इंदौर,ग्वालियर इत्यादि शहरों में प्रदर्शन भी किया गया। भाजपा संगठन ने आरोप लगाया है,कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर फर्जी चिट्ठी लिखी गई है। प्रियंका गांधी,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और अरुण यादव के ट्विटर हैंडल को आधार बनाकर उन पर अपराध दर्ज कराया गया है। भाजपा संगठन का कहना है, कि सरकार को बदनाम करने के लिए चिट्ठी का यह षड्यंत्र रचा गया है। जिस पर पुलिस अपराधिक कार्यवाही करेगी। कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में कमीशन को लेकर कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव लड़ा था। 40 फीसदी की सरकार कहकर कैंपन चलाया था। कांग्रेस उसी हथियार को अब मध्यप्रदेश में चलाना चाहती हैं। कर्नाटक में कांग्रेस को अप्रत्याशित सफलता मिली थी। इसको ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश भाजपा काफी सजग हो गई है। भाजपा ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ना चाहती है। जिसका लाभ कांग्रेस को मिले। भाजपा इस मामले में काफी आक्रमक हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कांग्रेस नेताओं को घेरने के लिए 41 जिलों में आपराधिक मुकदमा दर्ज करा दिया। इस कार्रवाई के बाद एक संभावना यह भी व्यक्त की जाने लगी है, कि भाजपा अनजाने में कांग्रेश को राजनीतिक फायदा तो नहीं पहुंचा रही है? एक स्थान पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होता, तो यह मामला इतना तूल नहीं पकडता। एक साथ तीन दर्जन से ज्यादा स्थानों पर जो एफआईआर कराई गई है। इसका राजनीतिक लाभ निश्चित रूप से कांग्रेस को मिलेगा। जो जन धारणा बनेगी, वह यह होगी कि चुनाव के पहले सरकार कांग्रेस नेताओं को आपराधिक मामलों में फंसाकर सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस चाहती है, कि उसके नेताओं के ऊपर इस तरीके के प्रकरण दायर हों। आम जनता के बीच, जो बात कांग्रेस नहीं पहुंच पा रही थी। उसे सत्तारुड़ दल भाजपा खुद पहुंच रहा है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है, प्रदेश में भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी चरम सीमा पर है। आम आदमी भी भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी से परेशान है। जनता को भी यह विश्वास होने लगा है,कि सरकार अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए कांग्रेस नेताओं पर जबरदस्ती आपराधिक प्रकरण दर्ज कराकर, उन्हें डराने, धमकाने और प्रताड़ित करने का काम कर रही है। भाजपा इस मामले को जितना तूल देगी। इसका फायदा कांग्रेस को ही मिलेगा। जनता जो देख और महसूस कर, भोग भी रही है। उससे वह दूर कैसे हो सकती है। कांग्रेस के आरोपों पर भी अब आम जनता को विश्वास होने लगा है। कांग्रेस को तो पहले ही भ्रष्ट पार्टी मान लिया गया है। अब इस दौड़ में भाजपा भी शामिल होती जा रही है। भाजपा संगठन जिस तरह से कांग्रेस के ऊपर आरोपों की झड़ी लगाकर कांग्रेस का प्रचार प्रसार कर रही है। उसमें भाजपा यह भूल जाती है, कि पिछले साढे 18 साल से उसका ही सरकार है। ऐसी स्थिति में भाजपा जिन मामलों को लेकर कांग्रेस को घेर रही है। उन मामलों में अब भाजपा की सरकार खुद भी घिर रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए भाजपा को सोच समझकर अपनी चुनावी रणनीति तैयार करनी होगी।

गुफ्तगू है अंदर!

धीरे-धीरे चुपके-चुपके ।
हैं रहे वो मिल ।।
गुफ्तगू है अंदर ।
गई हैं बांछे खिल ।।
हो रहे हैं एक ।
बढ़ रहा है प्यार ।।
लगता अंदरुनी अब ।
खत्म हुआ तकरार ।।
नासमझ थे जो ।
मूर्ख उन्हें बनाया ।।
कुर्सी राजनीति की ।
रही है ऐसी माया ।।
साध रहे हैं हित ।।
जो उनका अधिकार ।।
कहने वाले कहते हैं ।
इसको चमत्कार ।।

-कृष्णेन्द्र राय

कांग्रेस ने अगर अंग्रेजों के आगे घुटने नहीं टेके होते तो देश का विभाजन नहीं हुआ होता

कांग्रेस पार्टी की ओर से बार-बार कहा जाता है कि देश को आजादी हमने दिलाई जबकि आजादी के आंदोलन में देश की हर गली, हर मोहल्ले और हर घर का व्यक्ति शामिल था। लेकिन कांग्रेस की शह पर इतिहासकारों ने स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को ऐसे लिखा कि सिर्फ नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी के कुछ दिग्गज नेताओं के अलावा आजादी के आंदोलन में और किसी का नाम और योगदान नजर नहीं आता। इसलिए आजादी के आंदोलन की सफलता का श्रेय सिर्फ खुद को देने वाली कांग्रेस को यह भी तो बताना चाहिए कि देश के विभाजन का जिम्मेदार कौन था? विभाजन के समय जो कत्ले आम हुआ और मानवता को शर्मसार करने वाली जो घटनाएं हुईं उसका जिम्मेदार कौन था? यही नहीं, यह भी बताना चाहिए कि देश के विभाजन के चलते भारत के समक्ष जो समस्याएं खड़ी हुईं और जिनका खामियाजा आज भी देश भुगत रहा है उसका जिम्मेदार कौन है?

आजादी के समय हुए नरसंहार के लिए तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व को ही जिम्मेदार कहा जायेगा क्योंकि उसकी अदूरदर्शिता की वजह से कई गलत निर्णय हुए थे। महात्मा गांधी धर्म के आधार पर देश के विभाजन के विरोधी थे इसलिए वह आजादी के जश्न में भी शामिल नहीं हुए थे। क्योंकि यह वह आजादी नहीं थी जिसके लिए महात्मा गांधी ने लड़ाई लड़ी थी। महात्मा गांधी ने शांति और अमन चैन वाली पूर्ण आजादी की मांग की थी लेकिन कांग्रेस के तत्कालीन नेताओं की वजह से उन्हें अपने उद्देश्य में आधी-अधूरी ही कामयाबी मिली थी। आप आजादी के समय के घटनाक्रमों पर गौर करेंगे तो साफ प्रतीत होगा कि कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व की सत्ता लोलुपता ही भारत के विभाजन का असल कारण थी। कांग्रेस जानती थी कि अंग्रेजों की बांटो और राज करो की नीति है। इस बात को समझते हुए भी भारत के विभाजन के लिए राजी होना बहुत बड़ी गलती थी। विभाजन की प्रक्रिया को अंजाम देने के समय अंग्रेज सरकार का विरोध नहीं करके कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व ने बहुत अपराध किया था। देखा जाये तो कांग्रेस का तत्कालीन नेतृत्व इस बात के लिए आतुर था कि कैसे जल्दी से जल्दी सत्ता पर कब्जा किया जाये। इसलिए भारत का विभाजन होते समय उन्हें कोई दर्द ही नहीं हुआ। दर्द तो उन लोगों ने सहा जिन्हें अपना घरबार छोड़ना पड़ा, परिजनों को खोना पड़ा और संपत्ति से हाथ धोना पड़ा। इतिहास में यह भी उल्लेख मिलता है कि अंग्रेजों ने जहां-जहां राज किया उनमें से उन्होंने सिर्फ चार देशों- आयरलैंड, फिलिस्तीन, साइप्रस और भारत में ही विभाजन कराया। अंग्रेजों ने विभाजन के धार्मिक और नस्ली कारण बताये लेकिन असल कारण उनके अपने राजनीतिक और सामरिक हित थे। अंग्रेजों द्वारा कराये गये सभी विभाजनों में भारत का विभाजन ही सर्वाधिक हिंसा से प्रभावित रहा। इसलिए सवाल उठता है कि अंग्रेजों की चाल समझते हुए भी कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व द्वारा विभाजन का कोई विरोध क्यों नहीं किया गया।

देखा जाये तो भारत का विभाजन मानव इतिहास में सबसे बड़े विस्थापनों में से एक है, जिससे लगभग 20 से 25 लाख लोग प्रभावित हुए थे। लाखों परिवारों को अपने पैतृक गांवों, कस्बों और शहरों को छोड़ना पड़ा था और शरणार्थी के रूप में संघर्षमय जीवन जीने के लिए मजबूर होना पड़ा था। बहुत से विद्वान मानते हैं कि उस समय कांग्रेस ने सत्ता लोलुपता ना दिखाई होती और अंग्रेजों के आगे घुटने नहीं टेके होते तो ना तो देश का विभाजन होता ना ही लोगों को विस्थापित होना पड़ता। दरअसल अंग्रेजों ने कांग्रेस की किसी भी कीमत पर सत्ता पाने की आतुरता को भांप लिया था इसलिए योजनाबद्ध तरीके से स्वतंत्रता की घोषणा पहले और विभाजन की घोषणा बाद में की थी। इससे भारत और पाकिस्तान की नयी सरकारों के सर पर एकदम से शांति कायम रखने की जिम्मेदारी आ गयी थी। जाहिर तौर पर दोनों ही सरकारें शांति व्यवस्था कायम करने के लिए तैयार नहीं थीं। इस वजह से हालात बिगड़ते चले गये। देखते-देखते दंगे भड़कते गये और जब पाकिस्तान से ट्रेनों में भरकर हिंदुओं और सिखों की लाशें आने लगीं तो यहां भी लोग उन्मादी हो गये। यही कारण रहा कि जहां एक ओर पंडित जवाहर लाल नेहरू और उनके सहयोगी सत्ता संभालने में लगे हुए थे तो दूसरी ओर विभाजन के चलते भड़के सांप्रदायिक दंगों को रोकने के लिए उस वक्त महात्मा गांधी बंगाल के नोआखली में अनशन पर बैठ गए थे और स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी शामिल नहीं हुए थे। उस समय के हालात के बारे में जो इतिहास मिलता है वह बहुत भयावह है। 15 अगस्त 1947 की सुबह जहां आजादी लेकर आई थी और सभी के चेहरों पर खुशी थी वहीं यह भी दृश्य देखने को मिल रहे थे कि लोग ट्रेनों, बैलगाड़ियों, घोड़ों या खच्चरों पर बैठकर या फिर पैदल ही सर पर सामान लादे हुए और अपने बच्चों का हाथ पकड़े हुए अपनी मातृभूमि को छोड़कर अलग-अलग बन चुके देश की ओर रवाना हो रहे थे। भारत के विभाजन के समय भड़के सांप्रदायिक दंगों में लोगों की मौत का आंकड़ा 20 लाख तक बताया जाता है। देख जाये तो उन दंगों में ना जाने कितने परिवार बिछड़ गये, कितनी महिलाओं को अपनी इज्जत से हाथ धोना पड़ा, कितने लोगों के शरीर के टुकड़े कर दिये गये, कितने लोगों के घर लूट लिये गये या फूंक दिये गये...तत्कालीन सरकार और प्रशासन बस शांति की अपील करता रह गये थे। तत्कालीन राजनेताओं की यह सबसे बड़ी नाकामी थी कि ना तो वह देश का विभाजन रोक पाये और ना ही कत्लेआम। लेकिन सवाल उठता है कि क्या उस नाकामी का श्रेय आज की कांग्रेस लेगी? इसके साथ ही, विभाजन प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने वालों से एक सवाल यह भी है कि पंडित नेहरू के राज में 1962 की लड़ाई के दौरान जब चीन ने भारत के काफी बड़े भूभाग पर कब्जा जमा लिया था और तत्कालीन केंद्र सरकार कुछ नहीं कर पाई थी तो उसके लिए किसे दोषी ठहराया जाये। इसके अलावा, विभाजन प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने वालों से एक सवाल यह भी है कि जब इंदिरा गांधी की सरकार ने 1974 में कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका के सुपुर्द कर भारत के हितों को नुकसान पहुँचाया था तो उसके लिए किसे दोषी ठहराया जाये? वैसे यह गर्व करने लायक बात है कि आजादी के बाद से अब तक भारत बहुत आगे बढ़ गया है और दुनिया का सबसे बड़ा और सफल लोकतंत्र तथा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। लेकिन देश के विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। अपनी आजादी का जश्न मनाते हुए एक कृतज्ञ राष्ट्र के रूप में हमें अपनी मातृभूमि के उन बेटे-बेटियों को 14 अगस्त के दिन विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर अवश्य नमन करना चाहिए, जिन्हें हिंसा के उन्माद में अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी थी।

क्या आजमगढ़ में बिछाई जा रही है शिवपाल सिंह यादव के लिए बिसात?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर समाजवादी चाचा-भतीजे के बीच की सियासी दूरियों को लेकर काफी आक्रामक नजर आ रहे हैं। योगी द्वारा बार-बार चाचा शिवपाल यादव को इस बात का अहसास कराया जा रहा है कि भतीजा अखिलेश उनको हर मौके पर अपमानित कर रहा है। विधान सभा सत्र के दौरान यह नजारा कई बार देखने को मिला। जिससे शिवपाल यादव और अखिलेश काफी असहज नजर आए। योगी 2017 से शिवपाल और भतीजे अखिलेश पर तंज कसने का कोई मौका छोड़ते नहीं हैं। वैसे योगी आदित्यनाथ अकेले नहीं हैं जो चाचा-भतीजे पर तंज कसते हों, बीजेपी के और भी कई नेता भी समय-समय पर चचा-भतीजे को निशाना बनाते रहते हैं, लेकिन इस समय शिवपाल और अखिलेश के बीच के रिश्तों को जिस तरह से कुरेदा जा रहा है, उसकी असली वजह अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव हैं। बताया जा रहा है कि शिवपाल 2024 के चुनाव में आजमगढ़ सीट से आम चुनाव लड़ सकते हैं। उनके नाम पर

स्थानीय नेताओं ने सहमति जताई है। माना जा रहा है कि इसको लेकर पार्टी की तरफ से जल्द औपचारिक घोषणा की जा सकती है। दरअसल, हाल ही ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजमगढ़ में पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्षों, विधायकों और पदाधिकरियों की एक बैठक बुलाई थी। इसके बाद यह चर्चा और तेज हो गई कि शिवपाल आजमगढ़ से चुनाव लड़ सकते हैं। इस बैठक में पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव को प्रत्याशी बनाए जाने का भी प्रस्ताव रखा गया। इस पर सभी ने समर्थन किया। सूत्र बताते हैं इसे लेकर रणनीति भी तैयार कर ली गई है। चर्चा यह है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव आजमगढ़ लोकसभा सीट से शिवपाल यादव को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। इसीलिए तो बीजेपी सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने इस तरह की खबर सामने आते ही कहना शुरू कर दिया है कि हमारे जो चाचा शिवपाल यादव जी..अखिलेश भइया हैं... महेंद्र भइया हैं.. धर्मेंद्र भइया हैं, इन सब लोगों को एक ही चीज बताना चाहता हूं कि आजमगढ़ ने आप लोगों को नकार दिया है। अब अगर आप यहां आने की गलती करेंगे तो उसका परिणाम भी आजमगढ़ आपको दिखा देगा, उसका कारण ये है कि आजमगढ़ ने आपको पांच साल का मौका दिया है। चार साल तक आप एक काम नहीं कर पाए तो यहां के लोगों ने एक साल के लिए निरहुआ को मौका दिया और हमने एक साल में हमने 50 साल का काम लाकर दिखा दिया।

निरहुआ ने कहा कि सपा को बताना चाहता हूं कि सिर्फ एक साल नहीं, अगले 25 साल यानी पूरे अमृतकाल में वो आजमगढ़ में रहकर जैसे पीएम मोदी देश को नंबर वन बनाने का संकल्प लिया है, जैसे सीएम योगी ने यूपी को नंबर वन बनाने का संकल्प लिया है, उसी तरह निरहुआ ने आजमगढ़ को नंबर वन बनाने का संकल्प लिया है और मैं इस संकल्प को पूरा करके दिखाऊंगा। दरअसल साल 2019 के चुनाव में आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा नेता अखिलेश यादव को जीत मिली थी, लेकिन यूपी विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उन्होंने इस सीट से इस्तीफा दे दिया था। अखिलेश यादव के इस्तीफे के बाद आजमगढ़ में उपचुनाव कराए गए, सपा का गढ़ होने के बावजूद इस सीट पर हुए उपचुनाव में बीजेपी के दिनेश लाल यादव ने जीत दर्ज की थी। निरहुआ ने लोकसभा के उपचुनाव में सपा के धर्मेंद्र यादव को हराया था। ऐसे में सपा के सामने अब इस सीट पर फिर कब्जा करने की चुनौती है। पार्टी को ऐसे चेहरे की तलाश है, जो स्थानीय नेताओं को एकसूत्र में बांध सके और चुनाव में जीत हासिल कर सके। पिछले कुछ दिनों से इस सीट पर शिवपाल के नाम की तेज चचाएं चल रही हैं। फिलहाल, शिवपाल इटावा जिले की जसवंतनगर विधानसभा सीट से विधायक हैं। इस सीट से 2014 में मुलायम सिंह यादव ने जीत हासिल की थी।

प्राकृतिक आपदाओं का कहर लील गया अनमोल जिंदगीयां, दोषी कौन?

प्राकृतिक आपदाओं का कहर अनमोल जिंदगीयां लील रहा हैं बरसात का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा हैं शुक्रवार को दो दर्दनाक हादसों से हर हिमाचली गमगीन हैं मंडी से लेकर चम्बा तक मातम छा गया। चम्बा के तीसा के बैरागढ़ में एक चट्टान की जद में आने से गाड़ी नदी में गिर गई 6 पुलिस के जवान व एक ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई वहीं मंडी में पंडोह के पास 6 मील के पास एक आल्टो कर पर चट्टान गिरने से एक पांच साल के मासूम की दबने से मौत हो गई' और एक दो साल की बच्ची व माँ बाप गंभीर रूप से घायल हो गए यह परिवार कुल्लू से सुन्दर नगर जा रहा था की यह अनहोनी घटना हो गई उन्होंने सोच भी नहीं था की मौत उनका इंतजार कर रही हैं पल भर नें आँखों के सामने घर का चिराग चिरनिंदा में सो गया' यह बहुत ही दुःखद हादसा घटित हो गया। यहाँ पर काफी दिनों से यह सिलसिला जारी हैं चट्टाने गिर रही हैं।

पहले भी यहाँ एक जेसीबी मशीन पर ऐसी ही चटटाने गिरी थी तभी चालक बच गया था। दूसरी बार एक जीप पर भी काफी चटाने गिरी थी लेकिन शुक्रवार को एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार का दिन काल बनकर आया और काला शुक्रवार बन गया और 8 लोग असमय ही काल के गाल में समा गए। पावंटा में भी बादल फटने से एक ही परिवार के पाँच लोगों की दबने से मौत हो गई। जुलाई से ही बरसात का कहर बरप रहा है अब तक सेकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। शनिवार को बल्ह में सुकेती खड्ड पुरे उफान पर थी 2018 में भी सुकेती का रोद्र रूप दिखा था सड़कों पर गाड़ियां कश्ती की तरह चल रही थी घरों व दुकानों में बरसात का पानी लबालब भर गया है। बरसात का यह रूप देखकर इंसान कांप उठा है और अपनी करनी का फल भुगत रहा है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने वाले मानव को प्रकृति ने आगाह किया है की सुधर जाओ नहीं तो तबाह कर दूंगी यह तो एक ट्रेलर है अभी पूरी पिक्चर बाकि है किन्नौर से लेकर भरमोर तक तबाही ही तबाही हो चुकी है बरसात का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है प्रतिदिन पहाड़ दरक रहे हैं। बरसात ने सेकड़ों लोगों का जीवन गोहर मे एक मकान के जमीदोज होने से आठ लोगो की मौत हो गई थी। जुलाई मे लगातार मूसलाधार बारिस हो रही है सड़कें बह रही है पहाड़ मे बादल फट रहे हैं लोग असमय मारे जा रहे हैं। अभी अगस्त माह के 15 दिन बाकि है पता नहीं कुदरत क्या कहर ढाएगी। प्रशांसन भी सक्रिय है लोगों को सुरक्षित जगह पर आश्रय दें रहा है लोगों को भी सतर्क रहना चाहिए नदियों का जलस्तर भी काफी हो चूका है लोग लापरवाही बरत रहे हैं और बह रहे हैं ऐसे लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

मानव को पहाड़ो से छेड़छाड़ बंद करनी होंगी ताकि आने वाले समय मे ऐसे हादसे रुक सके' बरसात के अभी 15 दिन बहुत ही डरावने हैं लोग सहमे हुए हैं तथा सुरक्षित जगह पर ठहर गए हैं की कहीं बरसात फिर से कहर नहीं ढा पाए। सतर्कता बरतनी चाहिए ताकि अनमोल जिंदगीयां बच सके। लील लिया है कई बच्चे अनाथ हो गए माताएँ व बहनों का सिंदूर मिट गया यह बरसात इतने जख्म दे गई की जख्म तो भर जायेंगे पर निशान अमिट रहेंगे बरसात के कारण अब तक सेंकेड़ो लोग मारे जा चुके हैं जो बह गए अभी तक नहीं मिल सके हैं करोड़ो की सरकारी व निजी सम्पति बह गई लोगों की उम्र भर की कमाई खत्म हो गई लोगों को सड़को पर राते गुजारने पड़ रही है पल भर मे सब कुछ बह गया। कारें व बसें भी बह गई ,आलीशान घर पल भर मे बह गए। सदियों पुराने पुल बह गए प्रकृति कभी भेदभाव नहीं करती लेकिन जब मानव ने प्रकृति का सीना छलनी कर दिया तो प्रकृति ने मानव को सबक सीखा दिया। अवैध खनन के कारण नदियों व नालों का रास्ता बदल गया है लोगो ने नदियों के किनारे मकान बना दिए नतीजन अब भुगत रहे हैं। बरसात अपना रोद्र रूप इंसान को दिखा चुकी है भटक चुके मानव को उसकी औकात दिखा दी है। मानव को भी छेड़छाड़ करना बंद कर देनी चाहिए। पिछले साल 20 अगस्त 2022 को भी बहुत तबाही हुई थी मंडी के प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने वाले मानव को प्रकृति ने आगाह किया है की सुधर जाओ नहीं तो तबाह कर दूंगी यह तो एक ट्रेलर है अभी पूरी पिक्चर बाकि है किन्नौर से लेकर भरमोर तक तबाही ही तबाही हो चुकी है बरसात का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है प्रतिदिन पहाड़ दरक रहे हैं। बरसात ने सेकड़ों लोगों का जीवन लील लिया है कई बच्चे अनाथ हो गए माताएँ व बहनों का सिंदूर मिट गया यह बरसात इतने जख्म दे गई की जख्म तो भर जायेंगे पर निशान अमिट रहेंगे बरसात के कारण अब तक सेंकेड़ो लोग मारे जा चुके हैं जो बह गए अभी तक नहीं मिल सके हैं करोड़ो की सरकारी व निजी सम्पति बह गई लोगों की उम्र भर की कमाई खत्म हो गई लोगों को सड़को पर राते गुजारने पड़ रही है पल भर मे सब कुछ बह गया। कारें व बसें भी बह गई ,आलीशान घर पल भर मे बह गए। सदियों पुराने पुल बह गए प्रकृति कभी भेदभाव नहीं करती लेकिन जब मानव ने प्रकृति का सीना छलनी कर दिया तो प्रकृति ने मानव को सबक सीखा दिया। अवैध खनन के कारण नदियों व नालों का रास्ता बदल गया है लोगो ने नदियों के किनारे मकान बना दिए नतीजन अब भुगत रहे हैं। बरसात अपना रोद्र रूप इंसान को दिखा चुकी है भटक चुके मानव को उसकी औकात दिखा दी है। मानव को भी छेड़छाड़ करना बंद कर देनी चाहिए। पिछले साल 20 अगस्त 2022 को भी बहुत तबाही हुई थी मंडी के गोहर मे एक मकान के जमीदोज होने से आठ लोगो की मौत हो गई थी। जुलाई मे लगातार मूसलाधार बारिस हो रही है सड़कें बह रही है पहाड़ मे बादल फट रहे हैं लोग असमय मारे जा रहे हैं।

अभी अगस्त माह बाकि है पता नहीं कुदरत क्या कहर ढाएगी। प्रशांसन भी सक्रिय है लोगों को सुरक्षित जगह पर आश्रय दें रहा है लोगों को भी सतर्क रहना चाहिए नदियों का जलस्तर भी काफी हो चूका है लोग लापरवाही बरत रहे हैं और बह रहे हैं ऐसे लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए। मानव को पहाड़ो से छेड़छाड़ बंद करनी होंगी ताकि आने वाले समय मे ऐसे हादसे रुक सके वक़्त अभी सभलने का है। अगर अब भी सबक नहीं सीखा तो ऐसी तबाही लगातर होती रहेगी मानव को चाहिए की अब ऐसी भूल मत करें नहीं तो कुदरत नामोनिशान मिटा देगी।

आदित्य विजन के 120वें स्टोर का गिलट बाजार में हुआ भव्य शुभारंभ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आदित्य विजन के 120 वें नये शोरूम का 13 अगस्त रविवार को शिवपुर बाईपास, एयरपोर्ट रोड स्थित गिलट बाजार में हुआ उद्घाटन` आदित्य विजन उपभोक्ता उपकरणों के लिए बिहार का एक विश्वसनीय और अपने बेहतरीन सर्विस तथा शानदार ऑफर्स के लिए जाना जाता है आदित्य विजन ने अपना पहला शोरूम 1999 में पटना के तारामण्डल के सामने शुरू किया उसके बाद यह कारवां आज 2023 में अपने 120वें शोरूम के साथ खड़ा है` आदित्य विजन के निदेशक निशांत प्रभाकर ने बताया कि आदित्य विजन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (इरए) में बिहार का सबसे पहला सूचीबद्ध इलेक्ट्रॉनिक रिटेल चेन है इस अवसर पर उन्होंने अपने सभी कर्मचारियों, शुभचिंतकों, सहयोगियों तथा ग्राहकों को उनके विश्वास के लिए उनका धन्यवाद किया कि उन्होंने अपनी योग्यता, लगन और कर्मठता से आदित्य विजन को 1999 के पहले शोरूम से आज 120वें शोरूम तक का सफर प्राप्त करने में सहयोग किया इस दौरान हमने अपने ग्राहकों की सुविधा का निरंतर खयाल रखा है जिससे उन्हें उनकी खरीदारी में हम अधिक से अधिक सहूलियत दे सके` आदित्य विजन का मंत्र है अदा करें छोटी किस्तों में सिर्फ मूल, व्याज जाए बिल्कुल भूल आदित्य विजन के निदेशक निशांत प्रभाकर ने बताया कि यहां 36 आसान लम्बी मासिक किश्तों पर व्याज मुक्त फाइनांस की सुविधा हम देते है और डेबिट कार्ड द्वारा पेपर लेस फायनांस की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं` आदित्य विजन ग्राहकों को जीरो डाउन पेमेंट पर मनचाहा प्रोडक्ट घर ले जाने के साथ हाथों-हाथ डिलीवरी तथा मोबाईलों पर सुपर एक्सचेंज ऑफर मुहैया करा रही हैं जिसके अंतर्गत ग्राहक अपने पुरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की अच्छी कीमत पाकर नया ले जा सकते हैं यहां प्रतिष्ठित बैंकों एचडीएफसी, आईडीएफसी फर्स्ट आईसीआईसीआई तथा बजाज द्वारा हाथों-हाथ आसान किश्तों में सभी उपकरणों के लिए लोन की सुविधा उपलब्ध है ज़िसके अंतर्गत बजाज फायनेंस

के ग्राहकों के लिए एक ईएमआई आदित्य विजन देगी साथ ही अपने ग्राहकों के लिए क 7500/- तक का कैशबैक दे रहा है। ग्राहक मात्र 1/- रू के डाउन पेमेंट पर अपनी पसंद के कोई भी उपकरण घर ले जा सकते है इसके अतिरिक्त 10 प्रतिशत तक इस्टेंट डिस्काउंट भी दिया जा रहा है तथा यह ऑफर क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड पर लागू है आदित्य विजन अपने ग्राहकों को 20 प्रतिशत तक का कैशबैक भी दे रही है` आदित्य विजन बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक रिटेल चेन है जो आज के समय में प्रायः सभी सम्मानित कम्पनियों के होम उपकरण जैसे एलजी सैमसंग, सोनी, व्हर्लपूल, वोल्टास ,हिताची, डाईकिन, ब्लू स्टार, लॉयड, हायर ,गोदरेज, टीसीएल, पानासोनिक, आईएफबी, सिम्फनी, केनस्टार ,बजाज और उषा , फिलिप्स ,पी-गार्ड, केन्ट मिनरल आरओ, आसूस तथा लैपटॉप एवं स्मार्टफोन श्रृंखला में एचपी, डेल, एस्सार ,नोकिया ,एप्पल, सैमसंग, वीवो, रेडमी, ओप्पो, रियलमी इत्यादि एप्लाएंसेजों का संगम स्थल है` आदित्य विजन अत्याधिक रियायती दरों पर आईफोन, सैमसंग, वीवो ,ओप्पो , एप्पल का वाच तथा लैपटॉप दे रही है इसके साथ ही 2499/- रूपए का किसी भी लैपटॉप के साथ वायरलेस बोर्ड एवं माउस की दे रही है आदित्य विजन ऐसा प्रतिष्ठान है जहाँ ग्राहकों को उनकी पसंद के अनुसार सभी ब्राण्डों के होम एप्लाएंसेज , इलेक्ट्रानिक उपकरण आदि अच्छी कीमतों में प्राप्त होंगे` आदित्य विजन के ग्राहक हेल्पलाईन आदित्य सेवा के अधिकारी सप्ताह के सातों दिन ग्राहकों की मदद के लिए उपस्थित रहते हैं।

आदित्य विजन की विशेषता इसके उच्च स्तरीय कुशल स्टाफ का होना तथा सही सामान, कम कीमत, एक्सचेंज की उचित सुविधा एवं सेम डे फ्री होम डिलेवरी और इंस्टालेशन है जो आज के समय में कहीं और उपलब्ध नहीं है आदित्य विजन अपने सम्मानित ग्राहकों को मित्रवत सेवा तथा अधिक जानकारी के लिए आदित्य विजन का अदित्य सेवा नं0 9955555544 उपलब्ध है` आदित्य विजन अपने सालाना पुरस्कार के तहत विगत 14 सालों से ग्राहकों के बीच करोड़ो के पुरस्कारों का वितरण कर चुकी है` विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी खरीदें और जीतें मेगा पुरस्कार योजना के अंतर्गत 12 करोड़ का ईनाम दिया जा रहा है यह पुरस्कार योजना इस वर्ष 2023 तक (1 जनवरी से 30 दिसम्बर 2023) के लिए किया गया है जिसमें खरीदें और जीतें मेगा पुरस्कार में बिहार, झारखंड एवं वाराणसी में एक-एक अपना सपनों का घर जीतने का मौका के साथ प्रथम पुरस्कार के रूप में 151 कार तथा द्वितीय पुरस्कार में 1001 मोटर बाईक रखे गये हैं` इस मेगा ड्रॉ में भाग लेने के लिए ग्राहक को 10,000 रुपये की खरीदारी पर एक कूपन दिया जायेगा जिससे वे इस पुरस्कार योजना में भाग लेने के अधिकारी होगें अधिक जानकारी के लिए ग्राहक अपने नजदीकी आदित्य विजन के शोरूम से संपर्क कर सकते हैं।

प्रसिद्ध लखनेश्वरडीह किला पर शिव महापुराण कथा कलश यात्रा में सैकड़ों नर-नारियां शामिल

रसड़ा, बलिया। क्षेत्रीय ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल लखनेश्वरडीह किला प्रांगण में शिव महापुराण कथा शनिवार से शुभारम्भ। कथा से पूर्व एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो नर-नारी श्रद्धालुजनो ने भाग लिया. श्री शिव महापुराण कथा 12 अगस्त से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान श्री धाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित आचार्य आकाश कृष्ण शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से शिव महापुराण कथा का व उनके महिमा का व्याख्यान बखान का वाचन किया जाएगा। कथा के शुरूआत होने से पूर्व शिव मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा तमसा नदी से जल लेकर किला परिक्षेत्र का भ्रमण करते हुए श्रीहरि विष्णु भगवान व शिव मंदिर पर पूजा अर्चना के साथ कथा स्थल पर जाकर समापन हुआ। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं जल से भरा कलश सिर पर रखकर चल रही थी। कलश यात्रा में रेंगा कुटी के महंत लाल बाबा, बालक दास जी महाराज, कथा व्यास आकाश कृष्ण शास्त्री जी महाराज, बड़े बाबू चंद्रहंस सिंह, योगी स्वामी, हरिंदर दास, अनिल तिवारी, विनोद तिवारी, पूर्व सैनिक विजय बहादुर चौधरी, लोहा सिंह, संजय शर्मा, सुनील गौड़, पूर्व प्रधान हरिंदर यादव, बब्बन पांडेय, मनु पाल आदि सैकड़ो गणमान्य जन शामिल है रहे थे। कलश यात्रा से शुरू विशाल कलस यात्रा कथा स्थल पर पहुंचीं। तत्पश्चात समय पर कथा प्रारम्भ होगा।

बारिश के मौसम में सर्दी-जुकाम और फ्लू से बचने के लिए करें घरेलू उपचार, बीमारियों से रहेंगे दूर : डा. अमित

बलिया। मानसून में गर्मी और नमी होती है। इसमें मक्खी और मच्छर के अलावा कई जहरीले कीटाणुओं की संख्या बढ़ जाती है। ये सभी इंसानों में बीमारियां फैलाते है,यही कारण है कि बरसात के मौसम में फ्लू होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में अगर शरीर का ख्याल सही से न रखा जाए तो यह बीमारियों का घर बन जाता है। इस मौसम में होने वाली ज्यादातर बीमारियां एक दूसरे में फैलती है, ऐसे में आप अपने साथ-साथ घर वालों को भी बीमार कर सकते है। बरसात के मौसम में स्वास्थ्य की देखभाल कैसे करें। इसके बारे में जानकारी देते हुए बैष्णवी पाली क्लिनिक के जनरल फिजीशियन डा० अमित कुमार ने बताया कि पुराने समय से ही सर्दी और फ्लू से बचने के लिए लोग भाप का सेवन करने के साथ ही अच्छी नींद लेना बेहतर मानते थे।

सरकार की उदासीनता से गरीब बच्चों की शिक्षा में आ रही बाधा : अमित पाण्डेय

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। स्कूल कल्याण एसोसिएशन की आवश्यक बैठक गुरुकुल कान्वेंट स्कूल पतेरवा, तेंदुई, सेवापुरी वाराणसी में सम्पन्न हुई` उपरोक्त बैठक में स्कूल कल्याण एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने बताया कि सरकार की उदासीनता से शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ रहे गरीब बच्चो की शिक्षा बाधित होने की राह पर चल रही है सरकार की उदासीनता से शुल्क प्रतिपूर्ती का भुगतान चार वर्षो से नही हो पाया है` बार -बार विभागीय अधिकारियों से निवेदन ,पत्राचार करने पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को एक पत्र जारी कर दिया जाता है कि इस तिथि तक यह रिपोर्ट भेजे उसके बाद भुगतान किया जाएगा किन्तु इस पत्राचार के खेल में मान्यता प्राप्त स्कूलों की आर्थिक स्थिति बिगड़ती चली जा रही है` अमित पाण्डेय ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम में शाशनदेश की बाध्यता बताकर स्कूलों में प्रवेश हेतु दबाव बनाया जाता है बच्चो का चयन लाटरी द्वारा जिलाधिकारी महोदय की देखरेख में किया जाता है चयन के उपरान्त सूची स्कूलों में प्रवेश हेतु भेज दिया जाता है उन्ही बच्चो का प्रवेश विद्यालय द्वारा लिया जाता है जब प्रवेश के लिए संबैधानिक बाध्यता का हवाला अधिकारियों द्वारा दिया जाता है तो शुल्क प्रतिपूर्ती हेतु उदासीनता क्यो? वाराणसी जिले में अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत अब तक 39880 बच्चे मान्यता प्राप्त लगभग1250 विद्यालयों में पढ़ रहे गरीब बच्चो की शिक्षा सरकार की उदासीनता से बाधित होने की स्थिति में पहुँच गई है गरीब बच्चो की शिक्षा बाधित न हो इस लिए शुल्क प्रतिपूर्ती का सरकार द्वारा तुरन्त भुगतान किया जाना अति आवश्यक है` उपरोक्त बैठक में डॉ विजय मौर्य जे एन मेमोरियल स्कूल, जैनेन्द्र मौर्य एम डी शिक्षण संस्थान, अभिषेक पटेल एम बी एच इण्टर कॉलेज, पुनीत पाण्डेय माँ शान्ति इण्टर कॉलेज, प्रमोद मौर्य बचपन केअर स्कूल, श्याम बिहारी पटेल गुरुकुल कान्वेंट, सुनील मिश्र, विशु जी बरनवाल, गयादीन मौर्य, सहित अनेक स्कूल प्रबन्धक उपस्थित रहे।

श्वेता कान्वेंट स्कूल के छात्र -छात्राओं ने दो बराबर टुकड़ियों में निकाली देशभक्ति जागरूकता रैली

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। 76वें स्वतंत्रता दिवस के पूर्व लोगों में देशभक्ति की लहर एवं देशप्रेम के प्रति जागरूकता हेतु पूरे देश के साथ श्वेता कान्वेंट स्कूल भी प्रतिबद्ध दिखा एवं इसी संदर्भ में विद्यालय परिवार के छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं प्रबंधकीय समिति के सदस्यों द्वारा देशभक्ति जागरूकता रैली दो बराबर टुकड़ियों में निकाली गई` 13अगस्त रविवार को प्रातः 8 बजे ही श्वेता कान्वेंट स्कूल परिसर में सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक आदि उपस्थित हुए एवं देशभक्ति के नारों को गुंजायमान करते हुए हाथों में तिरंगा और प्लाकार्ड के माध्यम से देशभक्ति के संदेशों के साथ रैली निकालकर अपने राष्ट्र के प्रति लोगों को जागरूक करने में अपनी सकारात्मक सहभागिता दिखाई` विद्यालय के प्रबंधक सतीश चंद्र जायसवाल एवं निदेशिका बीना जायसवाल ने रैली को दो टुकड़ी में विभाजित कर विद्यालय से दो क्षेत्रों के लिए रवाना किया रैली की पहली टुकड़ी हनुमान फाटक, छितनपुरा, कोयला बाजार,

बलुआबीर होते पुनः विद्यालय पहुंचकर रैली को विराम दिया इसके साथ ही रैली के दूसरे टुकड़ी द्वारा जैतपुरा, गोलगड्डा एवं पीलीकोठी के लोगों को इस रैली के माध्यम से लोगों के मध्य देशप्रेम का संचार किया गया` रैली में सभी बच्चों ने देशभक्ति नारों के साथ तिरंगे का वितरण भी जनसामान्य लोगों के बीच मे किया एवं अपने उत्साह से अपने को लबरेज दिखाकर लोगों में यह संदेश दिया कि वे ही भविष्य में भारत के सजग प्रहरी के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए संकल्पित है` इस रैली में क्षेत्रीय लोगो के साथ क्षेत्रीय सभाषद रोहित जायसवाल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं बच्चों का उत्साह वर्धन भी किया` देशभक्ति को संकल्पित इन दो टुकड़ियों में श्वेता कान्वेंट स्कूल द्वारा निकली रैली में मुख्य रूप से रजनी जायसवाल, एस पी मिश्र, अभिषेक विश्वकर्मा, अशोक पाण्डेय, रिया, फरजाना, शैला, उनजला, करिश्मा, शिखा आदि ने अपने कार्यों के निर्वहन को बखूबी निभाया एवं बच्चों के साथ क्षेत्रीय नागरिकों को भी देश प्रेम के प्रति जागरूक किया।

सुभासपा के बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा, दो दर्जन से अधिक लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया

प्रखर फाजिलनगर। स्थानीय कस्बे के पार्टी कार्यालय पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक हुई जिसमें संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए दो दर्जन से अधिक लोगों को सदस्यता ग्रहण कराया गया। उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार राव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें। क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी का रीढ़ है इनके बदौलत ही संगठन को मजबूती मिलेगी। श्री राव ने आगे कहा की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर जी का मुख्य उद्देश्य यह है कि देश व प्रदेश के सभी गरीब शोषित वंचित लोगों को उनका हक दिलाया जा सके, जिससे की यह लोग समाज के मुख्यधारा से जुड़ सके। जिलाअध्यक्ष युवा मंच प्रदीप राव ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए लग जाए जिससे की आने वाले चुनाव में पार्टी को पूरी मजबूती मिल सके। कार्यक्रम का संचालन असफाक अंसारी ने किया तथा बैठक को ज्ञानप्रकाश सिंह, जिलाउपाध्यक्ष मनीष चंद्र कौशिक, जिला सचिव निरंजन सिंह आदि ने संबोधित किया। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए अमित सिंह व अमित राव को विधानसभा फाजिलनगर उपाध्यक्ष, कृष्णकांत मिश्रा व सतेंद्र गुप्ता को विधानसभा सचिव, कन्हैया कुशवाहा को ब्लाक उपाध्यक्ष, विशाल सिंह व रवीश

सिंह को ब्लाक सचिव बनाया गया। साथ ही दो दर्जन से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में इस दौरान विशाल यादव, रुदल कुशवाहा, आशीष सिंह, गौरव मिश्रा, मोनाफ शाह, ग्यासुद्दीन शाह, दीपक सिंह, अख्तर अंसारी, डेविड गौतम, श्याम शर्मा, अतुल पाण्डेय, प्रियांशु सिंह सहित ढेरों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अष्टांग योग सम्मान समारोह शुभजीत शाहा और CRPF 95BN के प्रवीण कुमार सिंह को किया गया सम्मानित

प्रखर वाराणसी। काल भैरव मंदिर के प्रधान गद्दीदार एवं 300 वर्ष से नाथ योग परंपरा का निर्वाह करने वाले योगी प्रकाश नाथ योगेश्वर जी के आवास पर स्थित योग निरोग केंद्र के कार्यालय में अष्टांग योग सम्मान का आयोजन किया गया इस सम्मान पत्र को समाज में अपनी अपनी विशिष्ट भूमिका से नई दिशा एवं दशा देने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले समाज के विभिन्न क्षेत्र के कर्मठ महानुभावों व योगियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर फाउंटेन पेन के जनक के सरपौत्र शुभजीत शाहा को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एवं देश की सबसे बड़ी पैरामिलिट्री फोर्स सी.आर.पी.एफ के श्री प्रवीण कुमार सिंह जी को एवं योग के क्षेत्र में विगत 15 वर्षों से निःस्वार्थ व निःशुल्क योग प्रशिक्षण देने में एवं योग शिविर का संचालन करने में महत्वपूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करने वाले तीन योग साधकों को भी सम्मानित किया गया इसमें साधक श्री किशन विश्वकर्मा (योग प्रशिक्षक, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय,

राज्य आयुष सोसाइटी उत्तर प्रदेश सरकार) साधक चंदन विश्वकर्मा ,साधक विकास बिंद, श्री भरत चंद्र गुप्ता भैरव युवा संघ के अध्यक्ष को अष्टांग योग सम्मान से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता काल भैरव मंदिर परिवार के वयोवृद्ध नाथ योगी काल भैरव गंडा माला के जनक सिद्ध योगेश्वर की बाबा रूपनाथ जी के पौत्र श्री योगी प्रेमनाथ जी ने किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अविनाश योगेश्वर थे इस कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन भूतपूर्व योग प्रशिक्षक वाराणसी पुलिस लाइन एवं वर्तमान योग प्रशिक्षक सीआरपीएफ 95 बटालियन एवं राष्ट्रीय महासचिव योग निरोग केंद्र के योगी योगेश्वर जी ने किया। योगी योगेश्वर जी ने संस्था की तरफ से सभी सम्मानित जनों को प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्र धारण करवा कर उनका सम्मान किया इस अवसर पर श्री रोहित योगेश्वर, श्री मोहित योगेश्वर, श्री आशुतोष मिश्रा, श्री गोपाल नाथ गोस्वामी, श्री रजत योगेश्वर, वैभव योगेश्वर, राजीव योगेश्वर, श्री बनारसी गुप्ता जी व योग प्रशिक्षक अजय सेठ सहित कई योग साधक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के अंत में व्यथा गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। व्यथा गोष्ठी का मुख्य विषय धरती की व्यथा रही, इसमें प्रमुख रूप से प्लाटिंग पर रोक लगाना अति आवश्यक है पर सभी वक्ताओं ने इस पर अपने विचार रखे अनावश्यक जमीन की प्लाटिंग जहां भूमि को बंजर बना रही है वहीं पर्यावरण का विनाश कर रही है भोजन की कमी कर रही है और जलवायु पर भी बहुत बुरा असर डाल रहा है इसलिए सरकार से आग्रह किया जाता है कि शासन और प्रशासन मिलकर एक संयुक्त कार्यक्रम के अंतर्गत संसद में एक कानून पास करें कि भूमि खरीदने की कितनी सीमा व्यक्ति के पास होनी चाहिए और हर नए भूमि प्लाट मैं वह 5 से 7 फीट पौधों व वृक्षों के लिए आरक्षित करें और उन्हें कभी भी अतिक्रमण ना करें ऐसा करने से भूमि का संरक्षण के साथ साथ पर्यावरण का भी संरक्षण होगा।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता : जनपद स्तरीय छात्र 14 वर्षीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अंशुमन ने मारी बाजी

बलिया। गाजीपुर के सेंट जोन्स स्कूल में खेले गये अंडर 14 बॉलीबाल प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के स्कूल ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में बलिया के कैस्टरब्रीज स्कूल के छात्र अंशुमन श्रीवास्तव ने टीम के कप्तान ने ना सिर्फ टीम को विजेता बनाया। बल्कि पूरे प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। आपको बताते चले कि अंशुमान बचपन से ही खेल को लेकर काफी उत्साहित रहा है। यही वजह है कि उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने स्कूल एवं जनपद का नाम रौशन किया है। गाजीपुर में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न जनपद के लगभग दर्जनों स्कूल के छात्रों ने प्रतिभाग किया। 14 बॉलीबाल प्रतियोगिता गाजीपुर–बलिया के बीच रहा। जिसमें कैस्टरब्रीज स्कूल के छात्र अंशुमन श्रीवास्तव के परिश्रम का नजीता रहा कि टीम को विजेता बनाया। अंशुमान का कहना है कि खेल को हार और जीत के लिए न खेलकर सद्भावना से खेलें। उन्होने प्रतियोगिता को खेल की भावना से खेलने की बात कही। उन्होंने अपनी जीत पर अपने कोच, माता–पिता एवं दादा का आभार व्यक्त किया है। आरएसी ग्राउंड में 66वीं राज्य स्तरीय छात्र-छात्रा 14 वर्षीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ व उद्घाटन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि विधायक धौलपुर शोभारानी एवं सभापति नगर परिषद खुशबू सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद चेतन चौहान के विशिष्ट आतिथ्य में आरएसी लाइन के खेल मैदान में हुआ।

संक्षिप्त खबरें

महिलाओं ने गाई कजरी सावन में हर साल किया जाता है आयोजन, जमकर हुआ गाना-बजाना

प्रखर रामनगर वाराणसी। स्पंदन गोमती राम सूरत वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष विभु पाण्डेय के तत्वाधान में श्रावण मास के पावन महीने में कजरी गीत का आयोजन किया गया। सस्था की अध्यक्ष विभु पाण्डेय पुरे सावन माह का उपवास रखते हुए स्पंदन की पूरी टीम के साथ भजन कीर्तन का आयोजन करती रहती है संस्था की बालिकाएं बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लेती है। जिसमे नृत्य कला का प्रदर्शन करती है। मुख्य रूप से पुष्पा भोजपुरी बनारस में अपनी टीम के साथ गायन प्रस्तुत किया और पूनम पांडे, आंचल, काजल, वंदना, रेनू पांडे, पूजा प्रियंका अनामिका अवंतिका तमाम छात्राओं ने वेंचर पर हिस्सा लिया कार्यक्रम की अध्यक्षता विभु पांडे ने किया।

आरजेपी पब्लिक स्कूल क्लास वन से फोर के बच्चों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का दिया संदेश

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आर जे पी पब्लिक स्कूल बजरंग नगर कॉलोनी दौलतपुर रोड क्लास वन से क्लास फोर के बच्चों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर रविवार को खजूरी सुधाकर रोड पर दो जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया बच्चों ने बड़े ही खूबसूरत तरीके से स्वच्छता अभियान नाट्य मंचन किया` प्रमुख रूप से प्रिंसिपल गोल्डी पांडे, रचना, सृष्टि, काजल, शिवानी, समीक्षा, वंशिका, प्राची चौबे, मनीष चौबे, रोहित दुबे दर्जनों राहगीर व गार्जियन उपस्थित रहे` नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के नाम - अनन्या, बरखा सूर्यांशी, रिया, विधि, सिद्धार्थ, अभिनव, अर्नव, कार्तिकेय, विराट।

युवा शक्ति के प्रयोग से देश ऊंचाइयों तक पहुंचेगा: डॉ. राज बहादुर

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ परिसर इकाई द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप हर घर पर तिरंगा लहराने के लिए विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा ग्रामीण लोगो को विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने का कार्य कर रहे है ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉक्टर राजबहादुर यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वयंसेवक एवं सेविका को अपने व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ अपने देश की मिट्टी से जुड़े रहने की जरूरत है तभी हम देश को आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। हमारे देश के युवा में बहुत शक्ति है जिसका प्रयोग करके हम अपने देश को ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं ' स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर रवींद्र कुमार प्रजापति, सत्यम सिंह द्वितीय स्थान पर अभिषेक कुमार ,अजीत वर्मा तृतीय स्थान पर प्रिया,बबिता रहे रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में भूमिका निभाई कार्यक्रम अधिकारी विशाल यादव ' फामेर्सी के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई ' जिसमें मिट्टी से जुड़े हुए हम हिंदुस्तानियों के बारे में दशार्या गया। तीसरा कार्यक्रम पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर नम्रता यादव , शेषाद्रि राय ,बबिता द्वितीय स्थान पर उमंग श्रीवास्तव ,अमन कुमार तृतीय स्थान अंकित चौधरी, मोनू गौतम पर निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अजय कुमार मौर्या ने किया चौथा कार्यक्रम फामेर्सी के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अगुवाई नितेश कुशवाहा के द्वारा किया गया । संचालन डॉक्टर विनय वर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर दिनेश कनौजिया ने किया कार्यक्रम में डॉक्टर शशिकान्त यादव, अंकित सोनकर 'आभास' उमंग श्रीवास्तव, अजीत वर्मा ,आलोक कुमार मौर्य , पवन कुमार, भास्कर, अभिषेक कुमार , रीतिषेक, प्रभात आदि उपस्थित रहे।

सर्पदंश से किसान की मौत

रसड़ा, बलिया। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गांव धमर्जा मुड़ेरा में शनिवार के तड़के लगभग 5 बजे धान की खेत में पानी बरा रहे किसान भूषण राजभर (50) पुत्र काशीनाथ राजभर की विषैले सांप के डंस लेने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार भूषण धान की खेत में पानी बरा रहे थे कि इस बीच उन्हें सांप ने डंस लिया।इस दौरान वह अचेत हो गए।आनन फानन में परिजन उन्हें रसड़ा सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भूषण की मौत से परिजनों सहित गांव के लोगों में मातम छा गया।

यूपी बार कौंसिल प्रयागराज उपाध्यक्ष जयनारायण ने रसड़ा सिविल कोर्ट बार को ई-लाइब्रेरी भेंट किया

रसड़ा, बलिया। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष जयनारायण पांडेय ने शनिवार को प्रयागराज में सिविल कोर्ट रसड़ा के अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामशब्द यादव को ई लाइब्रेरी प्रदान किया है। ज्ञात हो कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष जयनारायण पांडेय ने 5 अगस्त को अधिवक्ता बार एसोसिएशन रसड़ा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में ई लाइब्रेरी दिए जाने का घोषणा मंच से किया था। इस मौके पर अधिवक्ता बार एसोसिएशन रसड़ा के महासचिव भुवनेंद्र कुमार सिंह व तहसील बार एसोसिएशन रसड़ा के मंत्री अनिल कुमार सैनी मौजूद रहे। अधिवक्ता बार एसोसिएशन रसड़ा के सदस्य इंद्रजीत तिवारी, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारिका सिंह आदि अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।



बॉलीवुड

थ्रिलर है रक्तबीज

फिल्म रक्तबीज, थ्रिलर है और निर्देशक जोड़ी नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी की पहली फिल्म है। 2014 में बर्दवान विस्फोट से प्रेरित, जिसने बंगाल और पूरे देश को हिलाकर रख दिया था, यह फिल्म ऐसे व्यक्ति की घर वापसी के बारे में है, जिसके पास महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो है, पटाखा इकाई में आकस्मिक विस्फोट से उसके जीवन के लिए बड़ा खतरा सामने आता है। पद्म भूषण प्राप्तकर्ता विक्टर बनर्जी, जो रोमन पोलांस्की, जेम्स आइवरी, सर डेविड लीन, जेरी लंदन, रोनाल्ड नीम, सत्यजीत रे, मृणाल सेन और श्याम बेनेगल के साथ काम करने के लिए जाने जाते हैं, फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जिसमें अनासुआ भी हैं। मजूमदार, अबीर चटर्जी, मिमी चक्रवर्ती, कंचन मल्लिक, अंबरीश भट्टाचार्य, सत्यम भट्टाचार्य, देबाशीष मंडल, देवलिना कुमार और अन्य। ''रक्तबीज दुर्गा पूजा की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है इसको पूजा में रिलीज करने का फैसला किया।''शिबोप्रसाद ने कहा।

धूम मचा रहा नन्हा भूत

यूथ हिंदी एंटरटेनमेंट चैनल क्यू टीवी ने शो 'भागो भागो भूत आया' को बाल दर्शकों के लिए फिर से लॉन्च करने की घोषणा की। शो के प्रमुख कलाकारों में हेथ मकवाना (नन्हे) और गौरव शर्मा (आदित्य) के साथ शीर्षा तिवारी, नमन, सुषमा मुरुदकर, कपिल और नीतू पचौरी हैं। हॉन्टेड रिसॉर्ट में अलग-अलग मजेदार किरदारों के साथ धूम मचाते भूत, 'नन्हे' है। भागने और पकड़ने वाला यह बिल्ली और चूहे का खेल हँसी का माहौल बना देगा। रिसॉर्ट पर सिर्फ आदित्य ही अकेला है, जो प्यारे नन्हे को देख, सुन और उससे बात कर सकता है। आदित्य और प्यारे नन्हे की लगातार चलने वाली छेड़-छाड़ जादू और मस्ती की दुनिया से भरपूर है।

स्टाइल आइकॉन अमिताभ बच्चन

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का गेम शो, 'कौन बनेगा करोड़पति - सीज़न 15' 14 अगस्त को प्रीमियर के लिए तैयार है। होस्ट अमिताभ बच्चन को शो-स्टॉपिंग आउटफिट्स पहनते है। थ्री-पीस सूट से लेकर बो-टाईज़, स्टाइलिश स्कार्फ और बहुत-से आउटफिट्स तक, स्टाइलिस्ट प्रिया पाटिल हर सीजन में होस्ट को आकर्षक बनाने में सहायक रही है! प्रिया भी उभरते फैशन ट्रेंड के साथ बिग बी को स्टाइल करेंगी। प्रिया ने कहा, ''मेरे मूड बोर्ड में लुक को 'नया' और 'फ्रेश' रखने पर जोर दिया गया है। क्लासिक लुक बरकरार रखते हुए हम आगे बढ़े है और इसमें नए एलिमेंट्स जोड़े है। सर क्लासिक थ्री-पीस सूट, बंद गला और जोधपुरी में नजर आएंगे लेकिन मै 'कलर प्ले' पेश कर रही हूं, जो रंगों का आकर्षक संयोजन होगा। नेवी के साथ वाइन, ब्लैक एंड व्हाइट, पाउडर ब्लू और नेवी, प्लेन के साथ पिनस्ट्रिप, प्लेन के साथ चेक जैसे बहुत-से कलर पैटर्न्स होंगे। उनकी शर्ट्स छोटी लेकिन साफ दिखाई देने वाली विशेषताएं है, जिनमें कॉलर के साथ कंट्रास्ट पाइपिंग, उभरे हुए अलग-अलग ब्रोचेस और लैपल पिन, जो पूरे लुक को निखारती है और इसे पूरा करती है।

परिवा का बिल्लियों को प्यार

परिवा प्रणति बिल्लियों के प्रति अपने गहरे लगाव के लिए भी प्रसिद्ध है। चाहे घर में प्यारी बिल्लियों को पालना हो या ''वागले की दुनिया'' के सेट पर। परिवा ने बताया, ''मुझे बचपन से ही जानवरों से बहुत प्यार रहा है, मै गिलहरी से लेकर पक्षियों तक, हर जरूरतमंद जीव को बचाती। मैने पहली बार फिल्म सिटी में बिल्ली को बचाया था, तब से, मैने कई अन्य बिल्लियों को बचाया और यह सुनिश्चित करती हूं कि उन्हें गोद लेकर प्यार भरा घर दिया जा सके। मेरे घर पर लगभग छह से सात बिल्लियां है और वे बेहद गर्मजोशी से भरी और शानदार है।

गीतांजलि मिश्रा का हुआ स्वागत

एंड टीवी की घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' में हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) की दबंग दुल्हनिया, नई राजेश सिंह की भूमिका में गीतांजलि मिश्रा की खुशनुमा रस्म हुई। गीतांजलि ने कहा, ''मै बहुत आभार महसूस कर रही हूँ। शुरुआत में मुझे चिंता थी लेकिन प्यार और समर्थन ने मुझे नया आत्मविश्वास दिया। लोगों की आँखों में रोमांच और अपेक्षा को देखकर खूबसूरत एहसास हो रहा है।'' गीतांजलि ने बताया- ''राजेश के लुक ने मुझे हमेशा आकर्षित किया है, खासकर उसके दबंग रुख के साथ उन खूबसूरत साड़ियों का संगम। चटकदार साड़ियों और हल्के मेकअप का मिलन यकीनन बढ़िया है!

तन्वी बहुमुखी स्याह किरदार में चमकी

कलर्स का टीवी शो 'परिणीति' परिणीत (अंचल साहू), नीति (तन्वी डोगरा) और संजू उर्फ राजीव (अंकुर वर्मा) की कहानी है। यह प्यार, दोस्ती और भाग्य की जटिलताओं पर है। नीति का पहलू सामने आएगा मज़ेदार से लेकर चालाकी तक। तन्वी डोगरा कहती है, ''यह अविश्वसनीय यात्रा है। उसका चालाक पहलू भी है। उसकी भूमिका निभाना मेरी पिछली भूमिकाओं से ताज़ा बदलाव है, मुझे जटिलताओं को समझने में खुशी मिलती है। मै रोमांचित हूं कि उसके रिश्ते कैसे विकसित होते है। यह रोमांचक चुनौती है।''

विक्की कौशल के गाने में 'सैम बहादुर'

डूरंड कप ने अपना 132वां संस्करण एंथम 'भिड़े' जारी किया, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता और सेना के पसंदीदा एक्टर विक्की कौशल शामिल हैं। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा आयोजित, यह गीत पूरी तरह से उनकी भावना के सार को दर्शाता है और फुटबॉल प्रेमियों के साथ जुड़ने के लिए निश्चित रूप से उत्साह की अतिरिक्त परत

जोड़ देगा। वे कहते है, ''भारतीय सेना के साथ मेरा जुड़ाव हमेशा विशेष रहा है। इस वर्ष मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जो तीनों सेनाओं की ओर से भारतीय सेना द्वारा आयोजित किया जाता है। मै डूरंड कप के आयोजकों और इसमें भाग लेने वाली सभी टीमों को शुभकामनाएं देता हूं।'' विक्की सैम बहादुर में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का किरदार निभाते नजर आएंगे। यह 01 दिसम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

बंगाली ब्लॉकबस्टर्स के डिजिटल प्रीमियर

सोनी लिव ने तीन मनमोहक बंगाली ब्लॉकबस्टर - फटाफटी, लोक्खी छेले और हामी 2 के डिजिटल प्रीमियर पेश करने के लिए विंडोज प्रोडक्शंस के साथ साझेदारी की है। यह क्षेत्रीय भाषा कैटलॉग को समृद्ध करता है। फटाफटी प्रतिभाशाली दर्जी फुलोरा भादुड़ी की



यात्रा है, जो फैशन प्रभावशाली बनने का प्रयास करती है। अरित्रा मुखर्जी द्वारा निर्देशित और लोकप्रिय बंगाली अभिनेता रिताभरी चक्रवर्ती और अबीर चटर्जी द्वारा अभिनीत यह फिल्म सकारात्मकता को बढ़ावा देती है, सशक्त बनाती है। सच्ची कहानी से प्रेरित, कौशिक गांगुली द्वारा निर्देशित लोकखी छेले, चार भुजाओं वाले नवजात शिशु के इर्द-गिर्द घूमती है। अंधविश्वासों के चंगुल और विश्वासों के गहरे प्रभाव को उजागर करती है।

ब्लू बीटल के बारे में एंजेल मैनुअल सोटो

वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स की नई फीचर फिल्म ''ब्लू बीटल'', प्रदर्शन के लिए तैयार है। यह फिल्म, एंजेल मैनुएल सोटो द्वारा निर्देशित की गई है। इसमें एक्टर शोलो मैरिड्यूना, जैमे रेयेस सुपरहीरो के रूप में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। कॉलेज ग्रेजुएट जैमे रेयेस आकांक्षाओं के साथ घर लौटता है लेकिन पता चलता है कि अब वह घर वैसा नहीं है, जैसा वह छोड़ कर गया था। भाग्य उसके साथ खेल खेलता है। सोटो कहते है, ''जैमे और स्कारब के बीच का रिश्ता दिलचस्प है क्योंकि जरूरी नहीं कि वह उसकी अंतरात्मा की आवाज हो लेकिन वह इसे अपने दिमाग में सुन सकता है। वह यह बातचीत कर सकता है कि यदि आप उसे थर्ड पार्टी के रूप में देखते है, तो ऐसा लगता है कि जैमे हवा से बात कर रहा है...लेकिन वास्तव में वह अपने दिमाग में चल रही आवाज़ के साथ बातचीत कर रहा होता है जो स्कारब है।

जिंदा लौटे व्यक्ति की कहानी 'द फ्रीलांसर'

डिज़्नी+ हॉटस्टार थ्रिलर सीरीज 'द फ्रीलांसर' लेकर आया है। शिरीष थोराट द्वारा लिखित पुस्तक, अ टिकट टू सीरिया पर आधारित इस सीरीज को क्रिएटर एवं शो-रनर नीरज पाण्डे ने तैयार किया है। इसका निर्देशन भाव धूलिया ने किया है तथा मुख्य किरदार मोहित रैना एवं दिग्गज अनुपम खेर ने निभाये है। सुशांत सिंह, कश्मीरा परदेसी, जॉन कोक्केन, गौरी बालाजी और नवनीत मालिक दिखाई देंगे। नीरज पाण्डे ने कहा ''द फ्रीलांसर में युद्ध से तबाह सीरिया में अपनी इच्छा के विरुद्ध फँसी जवान लडकी के लिए बचाव अभियान है। इसको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई स्थानों में फिल्माया गया है।''

अंकुर का फिटनेस मंत्र

कलर्स के शो 'परिणीति' में अंकुर वर्मा ने अपनी फिटनेस यात्रा और वर्कआउट के साथ जानकारी साझा की। अंकुर ऑनस्क्रीन और ऑफ स्क्रीन दोनों जगह समर्पण और अनुशासन का प्रतीक है। उनके अनुसार, सबसे पहले कसरत को आसान बनाना महत्वपूर्ण है ताकि यह आदत बन जाए। अंकुर कहते है ''मै फिटनेस के लिए समय निकालना भी सुनिश्चित करता हूं। अभिनय और वर्कआउट के बीच संतुलन बनाना सबसे बड़ी प्रेरणा है। मै ग्रीन रूम में वर्कआउट करता हूं, जिसमें सभी उपकरण है, और हमेशा मेरा प्रोटीन शेक होता है। हर दिन कसरत करने का आसान तरीका अपनाए ताकि यह आदत बन जाए।''

पुष्पा के मिशन

सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल सिंगल मां पुष्पा (करुणा पांडे) की कहानी है, जो असाधारण सफर पर है। करुणा ने कहा, ''पुष्पा का किरदार ज्यादा परिपक्व हो गया है और ऐसी ज्यादा सशक्त महिला व उद्यमी में बदल गया है, जो अपना खुद का पटोला साड़ी बनाने का व्यवसाय शुरू कर रही है। उसका जीवन रोमांचक बन जाती है।''

इंद्रजीत की भूमिका में ऋषि

कलर्स के 'जुनूनियत' में अंकित गुप्ता- जहान, गौतम सिंह विग- जॉर्डन और नेहा राणा- इलाही की भूमिका निभा रहे है। इसमें ऋषि खुराना की इन्ट्री हो चुकी है, जो जॉर्डन के पिता इंद्रजीत की भूमिका निभा रहे है। ऋषि कहते है, ''इंद्रजीत को गलतियों का एहसास होता है और वह अपनी गलतियों को सुधारना चाहता है। वह मेरे विश्वास को प्रदर्शित करता है कि सुधरने और बेहतर इंसान बनने में कभी देर नहीं होती।''

पारस के 380 जोड़ी स्नीकर्स

जीटीवी के शो कुंडली भाग्य में पारस कलनावत है। इस फैमिली ड्रामा में ज़िंदगी के हर जज़्बात और इंसानी रिश्तों की गहराइयां है। पारस ने हाल ही में अपने स्वर्गवासी पिता की ख्वाहिश पूरी करते हुए क्लासी बीएमडब्ल्यू स्पोर्ट्स कार खरीदी है। इस समय उनके पास 380 जोड़ी से ज्यादा स्नीकर्स है। पारस कहते है, ''मुझे लगता है कि हर दिन एक ही स्नीकर पहनने के लिए ज़िंदगी बहुत छोटी है। अपने जूतों के साथ मेरे पास वॉर्डरोब खुशनुमा जगह है, मेरे कलेक्शन में भी इज़ाफा होता रहता है, जो अपने साथ बहुत-सी यादें और बदलाव लेकर आता है। ये सिर्फ जूते नहीं है बल्कि मेरी आत्मा के सफर के कदमों के निशान है।''

रोहित शेट्टी बनाम खिलाड़ी



कलर्स के शो 'खतरों के खिलाड़ी 13' में रोमांच की बड़ी डोज देगा, बिग बॉस के मास्टर खुद गेम-चेंजिंग ट्विस्ट पेश करेंगे। बिग बॉस ने घोषणा की कि रोमांच के अवतार रोहित शेट्टी खेल में कदम रखेंगे और चुनौती देंगे। इन डेयरडेविल्स के पास मेजबान को हराकर एलिमिनेशन से बचने का मौका है। रोहित शेट्टी बनाम खिलाड़ी के बैटलग्राउंड में, हर स्टंट के लिए, मेजबान प्रतियोगी को चुनेंगे और दूसरे को प्रतियोगी चुनेंगे। शेट्टी इस स्टंट का हिस्सा बनेंगे और खिलाड़ियों को बख्शेंगे नहीं, साथ ही उन्हें गिराने की कोशिश भी करेंगे। अर्चना गौतम और डेज़ी शाह के बीच लड़ाई होने वाली है। स्टंट में विभिन्न प्रकार के खौफनाक कीड़ों से भरे चार बॉक्स शामिल है।

बेटी की सशक्त कहानी जानकी

फिल्म निर्माता सुभाष घई की कंपनी, मुक्ता आर्ट्स के शो 'जानकी' आज की महिलाओं की अडिग भावना का दृढ़ उत्सव है, जो रूढ़ियों को चुनौती देने और महिलाओं को खुद के लिए निर्णय लेने और स्त्री द्वेष के खिलाफ लड़ने के लिए सशक्त बनाने के लिए आंदोलन है। भारतीय सिनेमा के 'शोमैन' कहे जाने वाले सुभाष घई ने कहा, ''दूरदर्शन के लिए मेरा शो 'जानकी' डिजाइन किया गया - जिसमें बेटी के जन्म से लेकर उसके वयस्क होने तक के सफर की कहानी है, जिसमें पुरुषों और परिवारों पर हावी होने की दुनिया में रोजमर्रा की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो बेटी की तुलना में बेटे की चाहत रखते है और अपनी बेटियों को पराया धुन मानते है।''

आफरीन ने किया खुलासा

जी टीवी के कुमकुम भाग्य ने रणबीर (कृष्णा कौल) मिहिका (आफरीन दाबेस्तानी) से शादी करने के लिए राजी हो जाता है। जहां पूरा परिवार उनकी रोका सेरेमनी की तैयारी कर रहा है। आफरीन कहती हैं, ''मैं बेहद रोमांचित हूं कृष्णा के साथ मुझे घर जैसा महसूस करा है। हमारे बीच बहुत अच्छा रिश्ता बन गया, जिससे हमें अपनी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री निखारने में भी काफी मदद मिली। जहां आप काम करते हैं, वहां इतने कम समय में ऐसे बढ़िया दोस्त मिलना सचमुच आशीर्वाद है।

मां और पा सपोर्ट सिस्टम हैं : अभिषेक बच्चन

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3 'आजादी की कहानी' विशेष एपिसोड के लिए तैयार है। प्रतियोगी स्वतंत्रता सेनानियों का श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उनकी कहानियों को जीवंत करेंगे। इस में 'घूमर' की स्टार कास्ट - अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर शामिल होंगी। महालक्ष्मी अय्यर, कविता सेठ, शान, बिक्रम घोष और हरिहरन गीत 'ये देश' को प्रमोट करने के लिए आएंगे।

अभिनेता अभिषेक बच्चन ने कहा, ''हमारे जीवन में कई लोग आते है और हमें मूल्यवान सबक सिखाते है, लेकिन हमारी मां और पिताजी हमारे पहले गुरु है, जो अंत तक साथ रहते है। मेरे लिए, मेरी मां और पापा मेरे सबसे बड़े समर्थक है।'' सैयामी खेर ने कहा, मै बचपन में बैडमिंटन खेलता था, जब मेरे कोच बदल गए तो मैने सुधार किया।'' अभिषेक बच्चन ने मजाकिया अंदाज में कहा, ''मेरी भाभी सोनाली मेरे ठीक बगल में बैठी है। मैने उनके लिए, उनके पति गोल्डी को चुना। वह बहुत करीबी दोस्त है और मै इसका श्रेय लेना चाहूंगा। मै कबाब में हड्डी था! मै वैसे तो उनके लिए क्यूपिड नहीं था लेकिन मै गोल्डी से बात करता था, गोल्डी मुझसे कहते थे कि सोनाली बहुत अच्छी है।''

ध्रुव के जीवन में मोड़

सोनी सब का समय-यात्रा वाला मनमोहक रोमांस ड्रामा 'ध्रुव तारा - समय सदी से परे', में ध्रुव की भूमिका में ईशान धवन और तारा की भूमिका में रिया शर्मा है। तारा की लगातार कोशिशों के बावजूद, ध्रुव को उस पर यकीन नहीं है। ईशान ने कहा, ''ऐसे किरदार की मानसिकता में गहराई से उतरने और सही भावनाओं को व्यक्त करने की आवश्यकता होती है। महाराज की मृत्यु के बाद ध्रुव और तारा के रिश्ते में आए उतार-चढ़ाव आने और ध्रुव के संदिग्ध होने के कारण, मेरे लिए चुनौती खड़ी हो गई है। ये चुनौतियां ही हमें अभिनेता के रूप में अपना सर्वोत्तम देने के लिए प्रेरित करती है।''

संजोत का ऑर्डर डिलीवर

सोनी सब का पारिवारिक ड्रामा दिल दियां गल्लां मतभेदों के कारण टूटे हुए परिवार के रिश्तों और डायनेमिक्स के इर्द-गिर्द घूमता है। यह संवाद, प्रेम और एकजुटता के महत्व को प्रदर्शित करता है। संजोत (जसजीत बब्बर) 100 किलो बर्फी बनाने का ऑर्डर मिलने पर अपना सौ प्रतिशत देती नचर आएंगी। जसजीत ने कहा, ''ऐसी महिला अपने लिए निर्णय ले रही है और खुद के लिए खड़ी है। संजोत आत्मनिर्भर बनने और अपने पसंदीदा काम को अपनाकर पैसा कमाने का प्रयास करती है। ''

ऐश्वर्या और रोहित ने जताया आभार

जीटीवी का शो 'भाग्य लक्ष्मी' में आ रहे नाटकीय मोड़ में देखा लक्ष्मी और ऋषि की ज़िंदगी में उतार-चढ़ाव ने हलचल मचा दी है। ऐश्वर्या और रोहित ने फैंस और फॉलोवर्स के प्रति आभार जताया। ऐश्वर्या खरे कहती हैं, ''हमारे पास शानदार टीम है, जो हर दिन बहुत मेहनत करती है और बेशक वे दूसरी फैमिली की तरह हैं।''अपनी खुशी जाहिर करते हुए रोहित सुचंती बताते हैं, ''मुझे पक्का यकीन था लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इतना प्यार मिलेगा। मैं वाकई आभारी हूं। 2 साल पूरे करना वाकई कमाल का एहसास है ।''

पिछले लेख में हमने आपको रीसेल संपत्ति खरीदते वक्त संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच-परख के बारे में बताया था। अब हम आपको यह बताएंगे कि संपत्ति खरीदने के बाद पैदा होने वाले विवादों व अन्य समस्याओं से बचने के लिए आपको किस तरह की रणनीति बनानी चाहिए

रीसेल संपत्ति खरीदने की कैसी हो रणनीति

प्रदीप मिश्रा
एक्सपर्ट, रियल एस्टेट

अपने पिछले लेखों में मैं यह तो बता ही चुका हूं कि रीसेल पर कोई संपत्ति खरीदते समय किन कागजात की जांच-परख बेहद जरूरी है लेकिन कागजात की परख के साथ ही साथ एक खास तरह की रणनीति बनाना भी जरूरी है ताकि आपको सही दाम पर संपत्ति मिले और उसे लेकर आप किसी कानूनी विवाद में भी न फंसें। इस रणनीति के जरिए आप संपत्ति के दाम को लेकर उचित मोलभाव तो कर ही सकेंगे साथ ही उसे खरीदने के लिए अच्छा डिस्काउंट प्राप्त करने में भी सफल हो सकेंगे। आइए इस बारे में विस्तार से जानने की कोशिश करते हैं।

वक्त को नजरंदाज न करें

क्रिकेट के खेल से तो आप वाकिफ ही होंगे, गेंदबाज के गेंद फेंकने के बाद जब बल्लेबाज उस पर शॉट लगाता है तो कई बार गेंद सीमा रेखा के बाहर चली जाती है जबकि कई बार दूसरे फील्डर उसे लपक लेते है। कहने का अर्थ यह है कि अगर बल्लेबाज सही टाइमिंग के साथ गेंद को मारता है तो उसे सर्वाधिक रन मिलते है लेकिन टाइमिंग के गलत होने पर उसे विकेट गंवाने का खतरा रहता है। क्रिकेट की ही तरह रियल्टी बाजार में भी टाइमिंग का बड़ा महत्व है। अगर आप सही समय पर संपत्ति खरीदते हैं अर्थात जब आपको कोई संपत्ति कम दाम पर मिलती है तो भविष्य में आपको उसके जरिए लाभ का प्रतिशत बढ़ने की संभावना रहती है। अब सवाल यह है कि सस्ते दाम पर संपत्ति पाने के लिए आप क्या अलग कर सकते हैं? आप चाहें तो उन क्षेत्रों की ओर रुख करें जो पूरी तरह विकसित न हुए हों या फिर जहां विकास की शुरुआत ही हुई हो। अगर आपका मकसद निवेश करके मुनाफा कमाना है तो इस स्थिति में दूसरी और तीसरी श्रेणी के विकल्प मुफीद साबित हो सकते है। वहीं अगर आप खुद ही उस संपत्ति का इस्तेमाल करना चाहते हैं और भविष्य में संभावित तौर पर आप उस संपत्ति को बेचने की इच्छा रखते हैं तो अर्धविकसित क्षेत्रों का रुख करें या फिर ऐसे समय पर निवेश करें जब बाजार के सेंटीमेंट अच्छे न हों। अगर मौजूदा समय की बात करें तो कोरोना महामारी के बाद से संपत्ति की मांग में भारी इजाफा देखने को मिला है जिसका सीधा प्रभाव संपत्ति की कीमतों पर भी पड़ा है। यही नहीं टिकट साइज हाउसिंग जिसे हम अफोर्डेबल मकानों के नाम से जानते है उसकी तुलना में बड़े आकार के मकानों की मांग बढ़ती दिखी है। यहां यह सवाल भी है कि वर्तमान में जबकि संपत्तियों के दाम बढ़े हुए है तो क्या मौजूदा समय में निवेश सही होगा? इसका उत्तर हां में दिया जा सकता है क्योंकि निकट भविष्य में दिल्ली एनसीआर के अलावा कई दूसरे शहरों के मास्टर प्लान आने वाले हैं जिससे वहां विकास के नए दरवाजे खुलेंगे। वहां विकास की नई संभावनाओं के उत्पन्न होते ही फिलहाल विकसित हो रहे इलाकों की संपत्तियों के दामों में वृद्धि स्वाभाविक तौर पर दिखेगी।

वित्तीय व्यवस्था

संपत्ति खरीदने से पहले सुनिश्चित कर लें कि आप उसे अपनी खुद की जोड़ी हुई राशि से खरीदने जा रहे हैं या फिर उसके लिए आपको लोन लेना होगा। अगर आप लोन लेंगे तो वह रकम कितनी होगी। लोन किसी बैंक से लिया जाएगा या फिर किसी निजी वित्तीय संस्थान से, लोन की ब्याज दर व मियाद कितनी होगी, लोन का रिड्यूसिंग बैलेंस दैनिक, मासिक या फिर वार्षिक होगा। इसके साथ ही यह समीकरण भी समझें कि लोन पर आपको कितना ब्याज चुकाना होगा और उस ब्याज पर आपको आयकर में कितना लाभ मिल सकेगा। इसे इस उदाहरण के जरिए समझें कि आप 70 लाख रुपए कीमत की किसी संपत्ति के लिए 50 लाख रुपए का लोन लेते हैं जिसका भुगतान आपको 15 वर्षों में करना होगा। अब 50 लाख रुपए के मूल पर आपको 20 लाख रुपए का ब्याज भी चुकाना पड़ता है तो आपकी उस संपत्ति की वास्तविक कीमत सत्तर लाख रुपए नहीं बल्कि 90 लाख रुपए की होगी। यहां यह अंदाजा भी लगाना होगा कि 15 वर्षों के बाद क्या आपको उस संपत्ति के दाम एक करोड़ रुपए से अधिक मिलेंगे या नहीं। यह जमा जोड़ करना इसलिए भी जरूरी है जिससे आपका लाभांश बढ़ सके।

बिल्डर से भी ले सकते हैं रीसेल प्रापर्टी

आम तौर पर संपत्ति के खरीदार यही सोचते हैं कि रीसेल पर मौजूद संपत्ति, बाजार में मौजूद विक्रेता से ही खरीदनी होती है। लेकिन यह पूरा सच नहीं है। आप जानते ही हैं कि बिल्डर जब किसी प्रोजेक्ट को लांच करता है तो उसी समय कई निवेशक कुछ संपत्तियों को खरीद लेते है फिर जब प्रोजेक्ट आधा बन जाता है या पजेशन का वक्त आता है तो मुनाफे के लिए वह निवेशक उन संपत्तियों को बेचना शुरू कर देते है। कई बार निवेशक इस बिक्री को स्वयं करते है और कई निवेशक इस काम के लिए बिल्डर्स से ही संपर्क करते है। आपको यदि कोई संपत्ति पसंद आती है तो उस स्थिति में बिल्डर से वैसी ही कोई संपत्ति बताने के लिए कह सकते है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि आप उस संपत्ति के अलॉटी यानी पहले खरीदार बन जाएंगे। उस स्थिति में आपको कागजात की परख करने-कराने का झंझट भी नहीं मोल लेना होगा। इसके साथ ही ऐसी संपत्ति पर आप बिल्डर से कीमत को लेकर मोल-भाव कर सकते है और पार्किंग, क्लब की सदस्यता वगैरह को लेकर अतिरिक्त छूट की मांग भी कर सकते हैं।

सरकारी योजनाओं पर रखें नजर

सरकारी योजनाओं से मेरा तात्पर्य विभिन्न शहरों के प्राधिकरणों और दूसरी विकास एजेंसियों से है। डीडीए, एलडीए, जीडीए, वीडीए, नोएडा, हूडा, ग्रेटर नोएडा, मेरठ, लखनऊ जैसे अनेक प्राधिकरण समय-समय पर आवासीय योजनाएं लाते रहते है, यह योजनाएं अल्प विकसित क्षेत्रों के साथ ऐसे इलाकों में होती है जहां विकास शुरू किया जाने वाला हो। इन प्राधिकरणों में संपत्तियों के दाम कम तो होते ही है साथ ही उन पर लोन की आसान सुविधा भी मिल जाती है। ऐसी संपत्तियों में खुलेपन की भी कोई समस्या नहीं होती। हां यह जरूर है कि कुछ सरकारी परियोजनाओं में पार्किंग को लेकर समस्या देखने को मिली है और मिलती भी है लेकिन इन सरकारी एजेंसियों ने अब इस समस्या को लेकर भी विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया है।

रेडी टु मूव का विकल्प अपनाएं

आप जब भी रीसेल पर संपत्ति खरीदें तो उसी संपत्ति को प्राथमिकता दें जिसे आप खरीदने के साथ ही इस्तेमाल कर सकें। यह समझें कि रीसेल पर खरीदी जा रही संपत्ति को अगर आपने उसके लांच के समय खरीदा होता तो वह आपको 20 से 30 प्रतिशत कम दाम पर मिली होती। ऐसे में आप जबकि भविष्य में होने वाले अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा किसी अन्य को दे रहे है तो क्यों न वही संपत्ति खरीदी जाय जिसका या तो खुद इस्तेमाल करके अपना खुद का किराया बचाया जाए या फिर उसे किराए पर चढ़ाकर उसे मासिक आय का जरिया बना लिया जाए। निश्चय ही उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए आप रीसेल संपत्ति का सौदा करते है तो न सिर्फआपको अच्छी संपत्ति मिल सकेगी बल्कि उचित दाम होने के साथ-साथ भविष्य में मिलने वाले लाभ का अंश भी बढ़ सकेगा।

कमाल अहमद रूमी
आर्थिक पत्रकार

कैसा है गिल्ट फंड में निवेश

म्यूचुअल फंड के प्रति निवेशकों के बढ़ते रुझान को देखते हुए म्यूचुअल फंड कंपनियों ने कई नए फंड बाजार में बिक्री के लिए पेश किए हैं। हालांकि मुख्य रूप से चार तरह के फंड इक्विटी फंड, डेट फंड, हाईब्रिड फंड, इंडेक्स फंड बाजार में हैं लेकिन इन फंडों की उप श्रेणी के तहत कई तरह के फंड काम कर रहे हैं। जैसे स्मालकैप फंड, मिडकैप फंड यह दोनों फंड इंडेक्स फंड के तहत आते हैं। इसी तरह गिल्ट फंड डेट फंड की श्रेणी में रखे जाते हैं। आज हम आपको गिल्ट फंड के बारे में कुछ जानकारी दे रहे हैं।

किसे कहते हैं गिल्ट फंड

गिल्ट फंड को हम दो भागों में बांट सकते हैं। पहले भाग में हम ऐसे फंड को शामिल करते हैं जो विभिन्न अवधि में मैच्योर होने वाली सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं। वहीं, दूसरी तरफ यह फंड 10 साल की मैच्योरिटी वाली सरकारी प्रतिभूतियों में पैसा लगाते है। गिल्ट फंड को डेट फंड की श्रेणी में शामिल किया गया है। इस फंड में निवेशक द्वारा लगाया गया पैसा आमतौर पर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी प्रतिभूतियों अथवा रिजर्व बैंक द्वारा जारी बांड में निवेश किया जाता है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी प्रतिभूतियों और रिजर्व बैंक द्वारा जारी बांड में एक निश्चित राशि रिटर्न के रूप में मिलती है। यह फंड भले ही रिटर्न कम देते हों लेकिन निवेश की सुरक्षा के लिहाज से नंबर वन कहे जा सकते हैं। इसे हम इस तरह भी कह सकते हैं कि चूंकि गिल्ट फंड में लगाया गया धन सरकारी योजनाओं में निवेश होता है इसलिए इसमें जोखिम भी नहीं के बराबर होता है।

गिल्ट फंडों को अपनी एसेट का कम से कम 80 फीसद सरकारी प्रतिभूतियों में और 20 फीसद इक्विटी में निवेश करना जरूरी है।

ब्याज दर का जोखिम

चूंकि गिल्ट फंड के तहत सरकार द्वारा जारी की जाने वाली प्रतिभूतियों, रिजर्व बैंक द्वारा जारी बांड में निवेश की मैच्योरिटी 10 से बीस साल की अवधि के लिए होती है इसलिए इसमें निवेश की जाने वाली रकम पर ब्याज दरों का जोखिम हो सकता है। लेकिन फिर भी गिल्ट फंड को एक न्यूनतम जोखिम वाली निवेश योजना कहा जा सकता है। इस फंड छोटी अवधि के लिए निवेश करना उचित नहीं माना जाता।

निवेश और फायदे

गिल्ट फंड में कभी भी निवेश शुरू किया जा सकता है। लेकिन आपको लंबी अवधि के लिए ही निवेश करना चाहिए अन्यथा इसमें निवेश का लाभ आपको कभी भी नहीं मिलेगा। म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि का निवेश वैसे भी बहुत अच्छा माना जाता है। गिल्ट फंड का सबसे बड़ा फायदा तो यह है कि इस तरह के फंड में जोखिम काफी कम होता है। परिसंपत्ति की गुणवत्ता भी बढ़ती है भले ही वह धीरे-धीरे बढ़े।

गिल्ट फंड में निवेश हालांकि ज्यादा फायदे का सौदा नहीं कहा सकता है लेकिन अगर निवेशक लंबी अवधि तक अपना निवेश बनाए रखता है। तो उसे निश्चित रूप से अच्छा रिटर्न हासिल होगा। इस फंड में लगाया गया पैसा चूंकि सरकारी योजनाओं में लगाया जाता है इसलिए इसमें किए गए निवेश पूरी तरह सुरक्षित माना जाता है

कहां लगता है निवेश का धन

चूंकि गिल्ट फंड को डेट फंड की श्रेणी में रखा गया है इसलिए इसमें निवेशक जो पैसा लगाते हैं वास्तव में वह केंद्र व राज्य सरकारों की प्रतिभूतियों और देश के केंद्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी बांड में लगाया जाता है। इस तरह के फंड ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव से प्रभावित होते है। इसलिए इसमें लंबी अवधि का निवेश ही फायदेमंद कहा जा सकता है। अतः निवेशक को चाहिए कि वह कम से कम 10 साल की अवधि के लिए पूंजी लगाएं।

पोर्टफोलियो में अवश्य डालें

भले ही गिल्ट फंड ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव से प्रभावित होते हों। लेकिन फिर भी इसे अपने निवेश पोर्टफोलियो में अवश्य डालें। भले ही ब्याज दरें कम स्तर पर हैं लेकिन अगर निवेशक अपना निवेश पांच से दस साल तक बनाए रखता है तो उसका फायदा होना हो सकता है।

बांड और गिल्ट में क्या अंतर है?

जब आप कोई बांड खरीदते है तो वास्तव में आप किसी कंपनी या सरकारी धन को उधार दे रहे होते है। बदले में आपको ब्याज मिलता है और जारीकर्ता एक निर्दिष्ट तिथि पर ऋण का भुगतान करने का वादा करता है। गिल्ट यूके सरकार के बांड है, जो सार्वजनिक खर्च को वित्तपोषित करने में मदद के लिए जारी किए जाते है ।

बीमा

बीमा दावों को सरलता से निस्तारित किए जाने के लिए सही आकलन करना, सही प्लान लेना, सही जानकारी देना, पालिसी बांड मिलते ही उसका अध्ययन करना और यदि कोई गलती पाई जाती है तो उसे तुरंत ठीक कराना बेहत जरूरी होता है

अपूर्व कुमार दत्त
अपूर्व बीमा विशेषज्ञ

आसानी से कैसे कराएं क्लेम सेटेलमेंट

जीवन बीमा व्यवसाय में ग्राहकों को पालिसी बेचे जाने के वक्त जो वादे किए जाते हैं वे पालिसीधारक के असामयिक निधन के उपरांत दावों (क्लेम) में बदल जातें हैं। अर्थात वादा, दावा में परिवर्तित हो जाता है। किसी भी जीवन बीमा कंपनी द्वारा त्वरित गति से मृत्यु उपरांत दावों का निस्तारण किए जाने का कंपनी की छवि पर सीधा प्रभाव होता है, इसीलिए कंपनिया मृत्यु उपरांत दावों का शीघ्रता से भुगतान करना चाहती है। हालांकि कई बार ऐसा भी होता है कि दावों के निपटान में बाधा आ जाती है और इससे निपटने के लिए बीमाधारक को कोर्ट या बीमा लोकपाल की मदद लेनी पड़ती है।

क्लेम सेटलमेंट में देरी की वजह

सामान्तया, एक जीवन बीमा कंपनी दावा भुगतान करना तो चाहती है किंतु ग्राहकों द्वारा बीमा लेते समय आवश्यक जानकारियों का छिपाया जाना, जानबूझकर कर नहीं बताना आदि कारणों से दावा भुगतान बाधित होते हैं। सर्वप्रथम ग्राहक को बीमा लेते समय अपनी बीमा जोखिम की आवश्यकता का स्वयं आकलन कर लेना तभी सही योजना का चयन करना चाहिए।

क्लेम के वक्त पालिसी एक्टिव हो

सही योजना के साथ ही ग्राहक को अपनी आमदनी और खर्चों का भी आकलन अवश्य करना चाहिए ताकि वह बुद्धिमतापूर्ण निर्णय ले सकें। आमदनी और खर्चों के आकलन के बिना बीमा लिए जाने से पालिसी लैप्स होने का खतरा रहता और ऐसे में मृत्यु दावा भुगतान से वंचित रहना पड़ सकता है। दावा भुगतान के समय पालिसी का चालू हालत में रहना आवश्यक है। यदि बीमा प्रीमियम का भुगतान ससमय नहीं किया जाता है तो बीमा के प्राथमिक लाभ से वंचित होना पर सकता है।

बीमा लेने के मात्र दो वर्षो के भीतर यदि बीमाधारक का निधन हो जाता है तो ऐसे क्लेम को सशंकित नजर से कंपनी द्वारा देखा जाता है और उन्हें वैधानिक तौर पर भी ऐसे दावों के जांच का अधिकार है। किसी भी बीमा कंपनी की स्थापना से लेकर अगले तीन से चार वर्षों तक लगभग सभी दावे ऐसे ही होते है और जांच की प्रक्रिया से गुजरते हैं, किंतु, कंपनी के 5-6 वर्षों के पश्चात ऐसे दावों में कमी आ जाती है।

सही बीमा प्लान का चयन

बीमा प्रीमियम भुगतान के आकलन के उपरांत ग्राहक को प्रस्ताव पत्र के हर पहलू का स्वंय अवलोकन करके स्वंय ही फार्म भरना चाहिए और सभी जानकारी सत्यता के साथ वर्णित की जानी चाहिए। सही सूचनाओं के साथ बीमा विक्रय ही आपसी विश्वास की बुनियाद है। अतः कंपनी अपने प्रोडक्ट के बारे में तथा ग्राहक को अपने स्वास्थ, पारिवारिक स्थिति, धूम्रपान, इत्यादि के सम्बन्ध में वांछित जानकारी अवश्य देनी चाहिए।

किन बीमारियों की जानकारी जरूरी

बीमा खरीदने वाले व्यक्ति को चाहिए कि वह हार्ट डिजीजी, ज्वाइंडिस, दमा जैसी बीमारियों और पूर्व में किए गए इसके इलाज की पर्याप्त सूचना अपने नियोक्ता को अवश्य दें। इसके अलावा आपरेशन इत्यादि का खर्च, अस्पताल में भर्ती होने का खर्च, मरीज के घर से आने-जाने के खर्च के आदि की पूरी सूचना भी बीमा कंपनी को दी जाए।

गलत सूचनाओं का असर

अगर कोई व्यक्ति बीमा कंपनी को इन सारी बातों की पूरी जानकारी नहीं देता है तो कई तरह की समस्याएं पैदा हो जाती हैं। सबसे बड़ी समस्या तो यह होती है कि बीमा का क्लेम मिलना बेहद मुशिक्लि काम हो जाता है। इसके अलावा बीमा कंपनियां जानकारी के अभाव में उचित कवर भी नहीं देती। यदि बीमारियां सामान्य से अधिक होती है तो बीमा कंपनी उसी के अनुसार प्रीमियम निर्धारण करती है , किंतु एक गलत जानकारी, छिपाए गए तथ्य दावा भुगतान को रोकने में सहायक होती है। गलत जानकारी देकर बीमा लेना और उसके पश्चात दावा लेने का प्रयास करने के अनेक उदाहरण कंपनियों के पास हैं। कई मामलों में बीमा कंपनियों ने कानूनी कार्रवाई की तो कुछ मामलों को बातचीत के जरिए हल कर लिया गया।

नामिनी का निधन हो तो क्या करें

बदकिस्मती से यदि नामिनी का निधन पालिसी के चालू रहते हो जाता है तो इसकी सुचना तुरंत बीमा कंपनी को देनी चाहिए, अन्यथा बीमाधारक के देहावसान पर भुगतान लेने के लिए सक्षम उतराधिकारी को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दावा भुगतान प्रक्रिया के दौरान इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। यहां एक और बिंदु अतिआवश्यक रूप से बताना चाहूंगा की बीमा पालिसी लिए जाने की सूचना नामिनी / परिवार में अवश्य दें । चूंकि बीमा एक लंबे अवधि के लिए किया जाता है, जिस अवधि में लोग अनेक दस्तावेज भूल भी जातें है जिनमें पालिसी बांड भी महत्वपूर्ण है।

नामिनेशन सुविधा

इंश्योरेंस एक्ट 1938 के सेक्शन 39 में बीमाधारक को यह अधिकार प्राप्त है कि वह अपनी पालिसी में 18 वर्ष से अधिक उम्र के किसी वयस्क को नामित कर सकता है और यदि बीमाधारक 18 वर्ष से कम उम्र के किसी अवयस्क को नामित करता है तो उसे पालिसी में सेक्शन 38 के तहत एक अपोंटी का वर्णन करना होगा। यदि प्रस्ताव पत्र में वयस्क नामिनी का वर्णन है तो वह मृत्यु दावा भुगतान का हक़दार होगा अन्यथा अपोंटी, नामिनी के अवयस्क होने की स्थिति में भुगतान प्राप्त करेगा/करेगी। बीमाधारक को अपने इस अधिकार का बखूबी इस्तेमाल करना चाहिए और आवश्यकता अनुसार इसमें परिवर्तन भी करना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि किसी युवक द्वारा अविवाहित होने के समय पालिसी लिए जाते समय अपनी माता या पिता को नामिनी बनाया गया है तो विवाह उपरांत अपनी पत्नी को नामित कर सकता है।

दुर्घटना बीमा लाभ

यदि बीमा पालिसी में दुर्घटना बीमा लाभ भी लिया गया है, जो कि मुख्य बीमा प्रीमियम में नाम मात्र का इजाफा करता है (सामान्य तौर पर प्रति 1000 पर 1 रुपया, अर्थात यदि बीमा जोखिम 50,000 का है तो मात्र 50 रुपया) और मृत्यु दुर्घटना के कारण हुई है, जैसे खेत में कम करते हुए सापं काटना, हेलमेट लगा कर दोपहिया चलाते हुए दुर्घटना का हो जाना, अचानक छत का गिर जाना, इत्यादि, तो मृत्यु दावा भुगतान के लिए, पुलिस प्रथम सुचना पत्र, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट , पुलिस फाइनल रिपोर्ट, पंचनामा आदि की भी आवश्यकता होती है।

धमाकेदार जीत के साथ इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में

महिला फीफा वर्ल्डकप: फ्रांस और कोलंबिया टूर्नामेंट से बाहर

ब्रिस्बेन, (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के रोमांच और उत्साह से भरे क्वार्टरफाइनल में शनिवार को फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में 7-6 (फुल टाइम 0-0) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सनकोर्प स्टेडियम पर खेले गए सांस रोक देने वाले मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा, हालांकि कई मौके बनाने के बाद भी कोई टीम गोल नहीं कर सकी।

मैच के अतिरिक्त 30 मिनटों में भी गोल न होने के बाद विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। इस अविस्मरणीय शूटआउट में दोनों टीमों के 10-10 खिलाड़ियों ने प्रयास किया। कई गोलों, बचावों और वीएआर रिव्यू लिए जाने के बाद फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया 6-6 की बराबरी पर थे।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मेजबान देश के साथ जुड़े मिथक को तोड़ा

ऑस्ट्रेलिया शूटआउट में दो बार जीत दर्ज करने से चूक गया था लेकिन आखिर में वह मेजबान देश के साथ जुड़े मिथक को तोड़ने में सफल रहा। अमेरिका के बाद ऑस्ट्रेलिया केवल दूसरी मेजबान टीम है जो महिला विश्वकप में क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया की जीत की नायिका गोलकीपर मैकेंजी अर्नोल्ड रही जिन्होंने अतिरिक्त समय और उसके बाद शूटआउट में शानदार बचाव किए।

कोलंबिया को हराकर इंग्लैंड लगातार तीसरी बार अंतिम-4 में

सिडनी। इंग्लैंड ने क्वार्टरफाइनल में शनिवार को पिछड़कर वापसी करते हुए कोलंबिया को 2-1 से मात दी। स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया पर खेले गए मुकाबले में लीसी सेंटोस ने 44वें मिनट में कोलंबिया का खाता खोला, लेकिन लौरेन हेम्प (45+6वां मिनट) और एलीसा रूसो (63वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंच गया। 2019 में नीदरलैंड की टीम संयुक्त राज्य अमेरिका में उपविजेता रहने के बाद सरीना विगमैन लगातार दूसरे महिला विश्व कप फाइनल के करीब भी एक कदम है। इंग्लैंड 2015 और 2019 में सेमीफाइनल में क्रमशः जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका से हार गया।

भारत ने चौथी बार जीती एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी

हॉकी: रोमांचक फाइनल मुकाबले में मलेशिया को 4-3 से दी शिकस्त

चेन्नई (एजेंसी)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने सांस रोक देने वाले फाइनल में शनिवार को पिछड़कर वापसी करते हुए मलेशिया पर 4-3 से हराकर चौथी बार एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी जीती। भारत ने नौंवे मिनट में जुगराज सिंह के गोल से खाता खोला, लेकिन अबू कमाल (14वां मिनट), राजी रहीम (18वां मिनट) और मोहम्मद अमीनुद्दीन (28वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाकर हाफ टाइम तक मलेशिया को 3-1 की बढ़त दिला दी।

हरमनप्रीत सिंह (45वां मिनट) और गुरजंत सिंह (45वां मिनट) ने तीसरे क्वॉर्टर के आखिरी क्षणों में गोल जमाकर भारत की वापसी करवाई। अंततः, 56वें मिनट में आकाशदीप सिंह का गोल भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान समेत कुल 6 टीमों ने भाग लिया।

पिछड़ने के बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर में की वापसी

जापान ने एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के रोमांचकारी कांस्य पदक मुकाबले मेंको कोरिया को 5-3 से हराकर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। फाइनल मुकाबले में गोल करने की शुरुआत भारत के तरफ से हुई। खेल के 9वें मिनट में जुगराज सिंह ने पेनल्टी कार्नर पर पहला गोल दागा। फिर 14वें मिनट में अजराई अबू कमाल ने फील्ड गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिय। इसके बाद खेल का दूसरा क्वॉर्टर पूरी तरह मलेशिया के नाम रहा, जिसमें मेहमान टीम के लिए 18वें मिनट में रजी रहीम और 28वें मिनट में मोहम्मद अमीनुद्दीन ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागे। हाफटाइम में 3-1 से पिछड़ने के बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर में शानदार वापसी करते हुए दो गोल दागे। सबसे पहले कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक पर दमदार गोल किया। इसके कुछ क्षण बाद गुरजंत सिंह ने फील्ड गोल दागकर मुकाबले को बराबरी पर ला खड़ा कर दिया। फिर आखिरी क्वॉर्टर में आकाशदीप सिंह ने भारत के लिए निर्णायक गोल दागा।

सर्वाधिक बार टूर्नामेंट जीतने वाला देश बना भारत

भारती सर्वाधिक बार एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली टीम बन गई हैं। भारत ने चौथी बार यह खिताब जीता। भारत ने इस मामले में पाकिस्तान को पछाड़ दिया है, जिसने तीन मौके पर टाइटल जीता था। इससे पहले भारत ने 2011, 2016 और 2018 में यह ट्रॉफी जीती थी। 2018 में भारत और पाकिस्तान संयुक्त रूप से विजेता रहा था, क्योंकि फाइनल रद्द हो गया था। पांच साल बाद एक बार फिर टीम इंडिया चैंपियन बनी है। भारत-पाकिस्तान के अलावा कोरिया ने साल 2021 के सीजन में खिताब जीता था।

टूर्नामेंट में अजेय रहा भारत

भारतीय टीम इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। ग्रुप स्टेज में भारतीय टीम ने पांच मैच में बिना हार के 13 पॉइंट्स के साथ टॉप पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमफाइनल में भारत ने जापान को हराया। वहीं फाइनल में मलेशिया को मात दी। भारतीय हॉकी टीम को अब हांगझोऊ एशियन गेम्स में हिस्सा लेना है। ऐसे में इस जीत से जरूर भारतीय खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा।

यशस्वी और गिल ने भारत को सीरीज में दिलाई बराबरी

चौथे टी-20 में विंडीज को रौंदा, निर्णायक मुकाबला आज

लौडरहिल, (एजेंसी)। भारत ने यशस्वी जायसवाल (नाबाद 84 रन) और शुभमन गिल (77) के तूफानी अर्धशतकों की बदौलत शनिवार को चौथे टी20 में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से रौंदकर पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। सीरीज को पांचवां और निर्णायक मुकाबला आज रात 08: 00 बजे से खेला जाएगा।

वेस्टंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 178 रन बनाए। जबाव में भारत ने एक विकेट पर 18 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज के लिए शिमरन हेटमायर ने (39 गेंद, 61 रन) अर्धशतक लगया। इसके अलावा शे होप ने 45 रन का योगदान दिया। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट जबकि कुलदीप यादव ने दो विकेट झटके। जायसवाल-गिल की जोड़ी ने 165 रन की साझेदारी कर भारत को जीत दिलाई।

स्कोर बोर्ड

वेस्ट इंडीज	रन	गेंद	4/6
काइल मेयर्स कै. संजू बो. अर्शदीप	17	07	2/1
किंग कै. कुलदीप बो. अर्शदीप	18	16	0/2
होप कै.अक्षर बो. चहल	45	29	3/2
पूरन कै. सूर्या बो. कुलदीप	01	03	0/0
पॉवेल कै. गिल बो. कुलदीप	01	03	0/0
हेटमायर कै. तिलक बो. अर्शदीप	61	39	3/4
शेफर्ड कै. संजू बो. अक्षर	09	06	0/1
होल्डर बो. मुकेश कुमार	03	04	0/0
ओडीन स्मिथ नाबाद	15	12	0/1
अकील हुसैन नाबाद	05	02	1/0

अतिरिक्त: 03, **कुल:** 20 ओवर में आठ विकेट पर 178 रन, **विकेट पतन:** 1-19, 2-54, 3-55, 4-57, 5-106, 6-118, 7-123, 8-167

गेंदबाजी: अक्षर पटेल 4-0-39-1, अर्शदीप सिंह 4-0-38-3, युजवेंद्र चहल 4-0-36-1, कुलदीप यादव 4-0-26-2, हार्दिक पंड्या 1-0-14-0, मुकेश कुमार 3-0-25-1.

भारत	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल नाबाद	84	51	11/3
गिल कै. होप बो. शेफर्ड	77	47	3/5
तिलक वर्मा नाबाद	07	05	1/0

अतिरिक्त: 11, **कुल:** 17 ओवर में एक विकेट पर 179 रन **विकेट पतन:** 1-165 **गेंदबाजी:** ओबेद मकॉय 3-0-32-0, अकील हुसैन 4-0-31-0, जेसन होल्डर 4-0-33-0, रोमारियो शेफर्ड 3-0-35-1, ओडीन स्मिथ 2-0-30-0, रोवमन पॉवेल 1-0-13-0.

टी20 में भारत के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप

- **176** दीपक हुड्डा - संजू सैमसन बनाम आयरलैंड, डबलिन 2022
- **165** केएल राहुल - रोहित शर्मा बनाम श्रीलंका, इंदौर 2017
- **165** शुभमन गिल - वाय जायसवाल बनाम वेस्टइंडीज, फ्लोरिडा 2023
- **160** शिखर धवन- रोहित शर्मा बनाम आयरलैंड, डबलिन 2018

इंटर मियामी लीग्स कप के सेमीफाइनल में

चार्लोट को हराया, मेसी ने दागा गोल

फोर्ट लॉडरडेल, (एजेंसी)। इंटर मियामी ने लीग्स कप क्वॉर्टरफाइनल में चार्लोट को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लियोनेल मेसी की कप्तानी में इंटर मियामी ने अपने क्लब इतिहास में पहली बार लगातार पांच मैच जीते हैं।

लियोनल मेसी ने अपने नए क्लब के लिए 86वें मिनट में गोल दागा। पिछले साल अर्जेंटीना को विश्व कप खिताब दिलाने वाले सात बार के बैलन डिओर मेसी का यह अपने नए क्लब के लिए पांच मैचों में आठवां गोल था। मेसी ने मियामी के अपने सभी पांच मैचों में गोल किए हैं। जोसेफ मार्टिनेज ने 12वें और रोबर्ट टेलर ने 32वें मिनट में गोल किए। क्लब के लिए एडिल्सन मलांडा ने 78वें मिनट में आत्मघाती गोल किया। अब सेमीफाइनल में इंटर मियामी का सामना फिलेडेल्फिया यूनियन से होगा। मेसी के पास अमेरिका में लगातार खिताब जीतने का अवसर है। उनके पास लीग कप के अलावा यूएस ओपन कप में खिताबी जीत हासिल करने का मौका है।

कोहली ने सोशल मीडिया पर अपनी कमाई की खबरों का किया खंडन

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को सोशल मीडिया पर छा रही उन खबरों का खंडन किया जिसमें दावा किया कि उन्हें इंस्टाग्राम के जरिए प्रत्येक प्रायोजित पोस्ट के लिए 11.4 करोड़ रुपए की अकल्पनीय कमाई हुई।

इंस्टाग्राम के शेड्यूलिंग टूल होपर एचक्यूमें टैगच्इंस्टग्राम रिच लिस्ट 2023 की खबर के अनुसार कोहली की मेटा मंच पर प्रत्येक पोस्ट की कमाई 11 करोड़ रूपए से ऊपर की है जिसे पूर्व भारतीय कप्तान ने लत ठहराया। कोहली ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, मैंने जीवन में जो कुछ हासिल किया है, उसके प्रति आभारी और शुक्रगुजार हूं लेकिन सोशल मीडिया से मेरी कमाई की जो खबर इतनी छायी हुई है, वह सच नहीं है।

पुजारा ने लिस्ट-ए मैच में फिर जड़ा शतक

टांटन, (एजेंसी)। भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे चेतेश्वर पुजारा का इंग्लैंड काउंटी में शानदार प्रदर्शन जारी है। उन्होंने लिस्ट ए के तीन मैचों में दूसरा शतक जड़कर वनडे कप मैच में ससेक्स को पहली जीत दिलाई। समसेट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 318 रन बनाए। जबाव में ससेक्स ने छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पुजारा ने ससेक्स के लिए 113 गेंद में 11 चौके की बदौलत नाबाद 117 रन की पारी खेली। हालांकि जीत के बाद भी ससेक्स ग्रुप बी में नौ टीमों में निचले स्थान पर बरकरार है। पुजारा भारत के लिए अंतिम बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में खेले थे लेकिन इसके बाद वेस्टइंडीज दौरे के लिए उन्हें टीम में जगह नहीं दी गई।

एनसीए में नेट्स पर पूरी ताकत से गेंदबाजी करते नजर आए बुमराह

आयरलैंड दौरे पर संभालेंगे भारतीय टीम की कमान

नई दिल्ली, (एजेंसी)। करीब एक साल से भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण एशिया कप, टी20 विश्व कप और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जैसें बड़े टूर्नामेंट में शामिल नहीं हो सके। बुमराह आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान बतौर कप्तान खेलते हुए नजर आएंगे।

जसप्रीत बुमराह 2022 में चोट से परेशान थे। सबसे पहले वह एशिया कप से बाहर हुए थे। उसके बाद बीसीसीआई ने टीम में उनकी वापसी के लिए जल्दबाजी की, जिसके कारण वह पूरी तरह से फिट नहीं हो सके और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान वह फिर से चोटिल हो गए। अगले सप्ताह बुमराह आयरलैंड के खिलाफ 18 अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए रवाना होंगे। बुमराह के लिए सीरीज काफी अहम है। क्योंकि इससे वह मैच फिटनेस हासिल कर सकेंगे। इस सीरीज से पहले जसप्रीत बुमराह जमकर तैयारी कर रहे हैं। बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में वह नेट्स में पूरी ताकत के साथ गेंदबाजी करते हुए नजर आए।

उपलब्धि प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपने नाम किए 4 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य

22वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता में मप्र ने जीते 9 पदक

भोपाल (खेस)। भारतीय वूशु संघ के द्वारा पटना (बिहार) में आयोजित की गई 22वीं राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण सहित कुल 9 पदक प्राप्त किए।

मध्य प्रदेश वूशु संघ की सचिव एवं प्रशिक्षक सारिका गुप्ता ने यह जानकारी दी। मप्र ने चार स्वर्ण के अलावा 2 रजत और 3 कांस्य अपने नाम किए। प्रतियोगिता का समापन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री जितेंद्र कुमार द्वारा किया गया। मध्य प्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष डीजीपी एन के त्रिपाठी सहित अन्य सभी लोगों ने खिलाड़ियों को पदक जीतने पर बधाई दी।

पदक विजेता खिलाड़ी

ताओलू खिलाड़ी: प्रज्ञा यादव ताईजीजियन स्पर्धा स्वर्ण पदक , ध्रुव केवट स्वर्ण पदक।

नानक्वान: ध्रुव केवट शार्ट वेपन स्वर्धा में स्वर्ण पदक, प्रज्ञा यादव और काजोल चौहान रजत पदक, मान्या तिवारी कियांगशू स्पर्धा में कांस्य पदक, प्रज्ञा यादव ताइजी क्वान स्पर्धा में स्वर्ण पदक।

सांडा खिलाड़ी: नमन शर्मा (अंडर-18) 52 किग्रा में स्वर्ण पदक, आशीष सिंह (17 वर्ष से कम) 48 किग्रा में कांस्य पदक, रवि राज प्रताप सिंह (अंडर 17) 70 किलोग्राम में कांस्य पदक।

एफिल टॉवर बम से उड़ाने की धमकी, खाली कराया

पेरिस, (एजेंसी)। पेरिस में स्थित एफिल टॉवर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके बाद पूरे एफिल टॉवर को पुलिस ने खाली करा लिया है। पेरिस की पुलिस ने कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले पर्यटक स्थलों में से एक पेरिस में एफिल टॉवर पर बम की धमकी दी गई है। पुलिस ने कहा कि धमकी मिलने के बाद एहतियात के तौर पर एफिल टॉवर को खाली करा लिया गया है। इसके साथ ही इसे शनिवार को जनता के लिए बंद कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मध्य पेरिस में स्थित एफिल टॉवर की तीन मंजिलों को खाली कर दिया गया है।

फिल्म निर्माता रेप और जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार

बेंगलुरु, (एजेंसी)। कर्नाटक पुलिस ने एक महिला से बलात्कार करने और अपराध का वीडियो लीक करने की धमकी देकर पीड़िता से जबरन वसूली की कोशिश करने के मामले में शनिवार को एक कन्नड़ फिल्म निर्माता को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, वीरेंद्र बाबू ने पीड़िता से 15 लाख रुपए की मांग की और रकम नहीं देने पर वीडियो लीक करने की धमकी दी। घटना 2021 में हुई थी। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा कि आरोपी को पैसे देने के लिए उसे अपने गहने बेचने पड़े। लेकिन 30 जुलाई को आरोपी ने दोबारा फोन कर धमकी दी।

मद्रास हाईकोर्ट : कर्मियों को भड़ास निकालने का हक

मदुरै, (एजेंसी)। मद्रास हाईकोर्ट ने 10 अगस्त को एक बैंक कर्मचारी की याचिका पर सुनवाई की। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा कि किसी कर्मचारी को संस्थान के बाहर 'भड़ास निकालने का अधिकार' है। इस मामले में हाईकोर्ट ने बैंक कर्मचारी पर लगाए आरोपों को खारिज कर दिया। दरअसल, तमिलनाडु के तूतीकोरिन के ग्रामा बैंक की शाखा के कर्मचारी ए लक्ष्मीनारायण ने वॉट्सऐप पर अपनी कंपनी के मैनेजमेंट को लेकर कमेंट किया था। इस पर बैंक ने कर्मचारी को नोटिस जारी किया था।

सड़क धंसने से बस पहाड़ी पर अटकी, बड़ा हादसा टला

मंडी, (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में डैहर-कांगू सड़क मार्ग पर राज्य परिवहन निगम की एक बस शनिवार सुबह सड़क धंसने से नीचे पहाड़ी पर जाकर अटक गई जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। बस में 12 यात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि मंडी क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम से सतत बारिश हो रही है ऐसे में सड़क के नीचे की सतह दलदली हो गई है। जैसे ही बस इसके ऊपर से गुजरी तो सड़क धंस गई तथा लगभग 50 फीट नीचे जाकर ढलान पर अटक गई।

आज का इतिहास

- **1642:** डच खगोलशास्त्री क्रिश्चियन ह्यूगेंस ने मंगल के दक्षिणी ध्रुव की चोटी का पता लगाया।
- **1645:** स्वीडन और डेनमार्क ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- **1784:** भारत में प्रशासनिक सुधारों के लिए पिट्स इंडिया विधेयक ब्रिटिश संसद में पेश किया गया।
- **1814:** दासों के व्यापार को समाप्त करने के लिए ब्रिटेन और हॉलैंड के बीच समझौता।
- **1892:** अमेरिकी समाचार पत्र एफ्रो अमेरिकन का बाल्टीमोर से प्रकाशन।
- **1898:** जार्ज डेवी के नेतृत्व में अमेरिकी सेना ने फिलिपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया।
- **1902:** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से हराकर ओवल में ऐतिहासिक जीत दर्ज की।
- **1905:** अफ्रीका फ्रांस से आजाद हुआ।
- **1913:** इंग्लैंड के हैरी शेफील्ड ने स्टेनलेस स्टील का आविष्कार किया।

बंगाल में पीएम बोले- विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया

अविश्वास प्रस्ताव लाए, फिर वोटिंग से भाग गए, वे इस पर चर्चा ही नहीं चाहते थे

हावड़ा, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि मणिपुर हिंसा पर हम संसद में शुरू से चर्चा करने के पक्ष में थे। विपक्ष के लोग सिर्फ राजनीति करना चाहते थे। वे अविश्वास प्रस्ताव लाए, फिर वोटिंग से भाग गए। विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया।

मोदी ने यह बात पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हो रहे भाजपा के पंचायती राज परिषद कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कही। पीएम ने बंगाल और मणिपुर हिंसा पर विपक्ष के रवैये और अपने 9 साल के कार्यकाल पर भी बात की।

पीएम बोले- विपक्ष को लोगों से नहीं, राजनीति से मतलब : पीएम ने कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत से पहले होम मिनिस्टर अमित शाह ने सभी पार्टियों से कहा था कि वे मणिपुर मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष ने मुद्दे पर चर्चा नहीं होने दी, क्योंकि वे जानते थे कि मणिपुर का सच सबसे ज्यादा उन्हें ही चुभेगा। विपक्ष लोगों के बारे में नहीं सोचता, उसे सिर्फ अपनी राजनीति से मतलब है।

देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया : प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को हराया और पूरे देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया। विपक्ष के सदस्य संसद बीच में ही छोड़कर चले गए। सच तो यह है कि वे अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से डर गए थे, क्योंकि वोटिंग होती तो घमंडिया गठबंधन की पोल खुल जाती।

हमारे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की कड़ी नीति है

प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार का सर्वाधिक प्रभाव गरीबों और हाशिए पर रहने वाले लोगों पर पड़ता है तथा देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की सख्त नीति है। श्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टचार संसाधनों के उपयोग को प्रभावित करता है, बाजारों को विकृत करता है, सेवा वितरण को प्रभावित करता है और अंततः लोगों के जीवन की गुणवत्ता को कम करता है। प्रधानमंत्री ने नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शहर में गणमान्य लोगों का स्वागत किया और कहा कि यह पहली बार जी 20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक मूर्त रूप से हो रही है।

पीएम के भाषण की 3 बातें...

- पिछले 50 सालों से हम गरीबी हटाओ का नारा सुन रहे हैं, लेकिन वे गरीबी नहीं हटा पाए। जो काम वे 5 दशकों में नहीं कर सके, वो भाजपा सरकार ने इतने कम समय में करके दिखाया। हम लोग गरीबी को जीकर आए हैं। हमें पता है कि गरीबी की समस्याओं की जड़ कहां हैं। इसलिए हम जड़ों से गरीबी को काट पा रहे हैं।
- हमने 18 हजार गांवों में बिजली पहुंचाई है। इनमें से 13 हजार गांव नॉर्थ-ईस्ट के थे। जो लोग आज मणिपुर-मणिपुर कर रहे हैं कि उनको कभी यह ख्याल नहीं आया कि पूर्वी भारत में 13 हजार गांव अंधेरे में थे।
- हमने जलजीवन मिशन की शुरुआत की थी। तब देश के 20फीसदी से भी कम ग्रामीणों परिवारों तक नल से जल की सुविधा थी। आज 60 फीसदी से भी ज्यादा ग्रामीण परिवारों को नल से पानी मिल रहा है। मिजोरम में 4 साल पहले तक केवल 6 फीसदी घरों में पाइप से पानी पहुंचता था। आज यह आंकड़ा 90 फीसदी से ज्यादा है।

ममता बनर्जी ने केंद्र पर साधा निशाना, बोलीं- मणिपुर में अत्याचार में शामिल लोगों के खिलाफ नहीं की कार्रवाई

कोलकाता, (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने मणिपुर में अत्याचार में शामिल लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। बनर्जी ने कहा कि पीएम केयर्स फंड, राफेल सौदे, नोटबंदी जैसे मुद्दों से घिरे प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार पर नहीं बोल सकते हैं। उनकी टिप्पणी से कुछ घंटे पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जी-20 भ्रष्टाचार-रोधी मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त न करने की सख्त नीति है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री बिना किसी सबूत के विपक्ष पर आरोप लगा रहे हैं, क्योंकि भाजपा नहीं चाहती कि देश के गरीब लोग जीवित रहें। बनर्जी ने एक ऑडियो संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री देश को गुमराह कर रहे हैं। वह बिना किसी सबूत के बोल रहे हैं। भाजपा नहीं चाहती कि देश में कोई गरीब जीवित रहे। वह भ्रष्टाचार पर नहीं बोल सकते, क्योंकि भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के कई आरोप हैं, चाहे वह राफेल विमान सौदा हो या नोटबंदी। बनर्जी ने कहा कि भाजपा ने इस पूर्वोत्तर राज्य में अत्याचार में शामिल लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

अमेरिका का माऊई शहर आग से खाक 80 लोगों की मौत, बचाव कार्य जारी

माउई, (एजेंसी)। अमेरिका के हवाई राज्य के सबसे बड़े द्वीप हवाई के माउई में लोगों को सुरक्षित निकालने का काम शुरू किया गया है और आग की लपटें कानापाली शहर के करीब पहुंच रही हैं। अमेरिकी राज्य के इतिहास की सबसे घातक प्राकृतिक आपदा में अब तक 80 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

सैकड़ों लोगों के लापता होने की सूचना है और मृतकों की संख्या अभी भी बढ़ सकती है। हवाई के अटॉर्नी जनरल ने इस बात की 'व्यापक समीक्षा' की घोषणा की है कि अधिकारियों ने जंगल की आग पर कैसे प्रतिक्रिया दी ,क्योंकि सवाल उठ रहे हैं कि क्या अधिकारियों ने निवासियों को पर्याप्त और शीघ्र चेतावनी दी थी। इस सप्ताह की शुरुआत में आग की लपटें तेजी से फैलने के बाद पहली बार राज्य के अधिकारियों ने शुक्रवार को लाहिना को निवास के प्रमाण के साथ लोगों के लिए फिर से खोल दिया, जिससे तटीय शहर का अधिकांश हिस्सा जल गया इस शहर का एक समृद्ध इतिहास है और जो हर साल लगभग 20 लाख पर्यटकों को आकर्षित करता है। शुक्रवार को अधिकारियों द्वारा लोगों को पश्चिम माउ में वापस जाने की अनुमति देने के बाद यातायात जाम हो गया होनोएपिलानी राजमार्ग पर - लाहिना के लिए उपलब्ध एकमात्र मार्ग पर कारें बम्पर-टू-बम्पर खड़ी थीं। आपूर्ति, पानी, ईंधन, नैपिज और टॉयलेट पेपर से भरे ट्रकों के साथ-साथ परिवार थके हुए और चिंतित दिख रहे थे। मार्ग खुलने के कुछ ही घंटों के भीतर, आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर बाकी सभी के लिए सड़क बंद कर दी गई। अधिकारियों ने बीबीसी को बताया कि 'स्थिति' से निपटने के लिए पुलिस को बुलाया गया है।

सुधा मूर्ति, शंकर महादेवन बनाएंगे छात्रों का सिलेबस

नई दिल्ली। भारत के मशहूर सिंगर शंकर महादेवन, इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति जैसे दिग्गज राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत भारत कक्षा 3 से 12वीं तक के छात्रों का सिलेबस तैयार करेंगे। सुधा मूर्ति, इंफोसिस के अध्यक्ष नारायण मूर्ति की पत्नी और यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सास हैं। इनके अलावा एनसीईआरटी ने प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएएसी-पीएम) के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय, ईएएसी-पीएम के सदस्य संजीव सान्याल और आरएसएस विचारक चमू कृष्ण शास्त्री समेत कई बड़े दिग्गजों को एनसीईआरटी का सिलेबस और सिलेबल तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

एक अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा जारी सर्कुलर में बताया गया है कि हाई पावर वाली नेशनल सिलेबस और टीचिंग लर्निंग कमेटी को तीसरी क्लास से 12वीं तक के लिए स्कूल पाठ्यक्रम विकसित करने और कक्षा 2 से 3 तक जरूरी परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए कक्षा 1 से 2 की मौजूदा पाठ्यपुस्तकों को संशोधित करने का अधिकार दिया जाएगा।

इसरो का ड्रोग पैराशूट परिनियोजन परीक्षण हुआ सफल

चेन्नई। भारत के प्रस्तावित मानव अंतरिक्ष मिशन के हिस्से के रूप में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि उसने ड्रग पैराशूट परिनियोजन का सफल परीक्षण किया। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, परीक्षण मंगलवार से गुरुवार तक टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी, चंडीगढ़ की रेल ट्रैक रॉकेट स्लेज (आरटीआरएस) सुविधा में आयोजित किया गया। परीक्षण हवाई डिलीवरी अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एडीआरडीई)/डीआरडीओ के सहयोग से आयोजित किए गए। गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष तक सुरक्षित ले जाना और वापस लाना शामिल है। इसरो ने कहा कि इस मिशन का एक महत्वपूर्ण घटक ड्रग पैराशूट की तैनाती है, जो क्रू मॉड्यूल को स्थिर करने और पुन- प्रवेश के दौरान इसके वेग को सुरक्षित स्तर तक कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मोर्टार के रूप में जाने जाने वाले पायरो-आधारित उपकरणों के भीतर पैक किए गए ड्रग पैराशूट, कमांड पर पैराशूट को हवा में फेंकने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। 5.8 मीटर व्यास वाले ये शंक्वाकार रिबन-प्रकार के पैराशूट, एकल-चरण रीफिंग तंत्र का उपयोग करते हैं, जो सरलता से चंदवा क्षेत्र को कम करते हैं और शुरुआती झटके को कम करते हैं, एक सहज और नियंत्रित वंश सुनिश्चित करते हैं। इसरो ने कहा कि आरटीआरएस सुविधा में किए गए तीन व्यापक परीक्षणों के दौरान, ड्रग पैराशूट के प्रदर्शन और विश्वसनीयता का कड़ाई से मूल्यांकन करने के लिए वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों की एक श्रृंखला का अनुकरण किया गया है।

नवीन युवा नीति बनेगी विजन-2030 : गहलोत

जयपुर, (ब्यूरो)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने युवाओं में समाज में परिवर्तन लाने की शक्ति बताते हुए कहा है कि उनकी ऊर्जा और नए आविष्कार की क्षमता समाज को नई दिशा दे सकती है और इसी दिशा में नवीन युवा नीति हमारे विजन 2030 को साकार करने का एक सशक्त माध्यम बनेगी।

श्री गहलोत शनिवार को जयपुर के दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुसंधान केन्द्र में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महापंचायत 'युवा संकल्प' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा होना एक अद्भुत और महत्वपूर्ण दौर होता है, युवा शब्द सिर्फ एक आयु का ही नहीं बल्कि यह ऊर्जावान होने का भी संकेत है। नवीन युवा नीति से राजस्थान वर्ष 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनेगा।

पुणे में स्काईवॉक बसें, शहर को मिलेगा जाम से छुटकारा

नितिन गडकरी का ऐलान

मुंबई। केंद्रीय परिवहन और सड़क मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि पुणे में जल्द ही स्काईवॉक बसें शुरू की जाएंगी। सरकार इस योजना पर काम कर रही है। इससे पुणे शहर को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। गडकरी ने शनिवार को पुणे में नए चांदनी चौक फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, अजित पवार, संरक्षक मंत्री चंद्रकांत पाटिल और अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे। इस मौके पर गडकरी ने कहा कि पुणे शहर दिन-ब-दिन तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या के साथ-साथ पुणे में वाहनों की संख्या भी बढ़ गई है। मेरे पास पुणे के लिए एक हवाई स्काईबस का विचार है। मैं अजित पवार और चंद्रकांत पाटिल से अनुरोध करता हूं कि वे इस प्रस्तुति को एक बार अवश्य देखें।

मेट्रो का काम भी अंतिम चरण में

उन्होंने आगे कहा कि चूंकि यहां पहले से ही ट्रैफिक जाम है, इसलिए अब पुणे में वाहनों की संख्या न बढ़ाएं। यहां बहुत ज्यादा प्रदूषण है इसलिए हम देश में पेट्रोल डीजल पर बैन लगाना चाहते हैं। इससे 40 प्रतिशत तक प्रदूषण कम होगा। वीआईपी कल्चर खत्म होना चाहिए। सायरन की आवाज बंद होनी चाहिए। पुणे के विकास के लिए 40,000 करोड़ रुपए की विकास योजना तैयार की गई है। इसमें दो-तीन मंजिला फ्लाईओवर हैं।

शरद और अजित पवार के साथ एक घंटे हुई सीक्रेट मीटिंग

मुंबई, (एजेंसी)। अजित पवार के एनसीपी से बगावत के बाद महाराष्ट्र में सियासी हलचल एक बार फिर तेज है। शनिवार को चाचा शरद पवार और भतीजे अजित पवार के बीच पुणे के एक बिजनेसमैन के बंगले में सीक्रेट मीटिंग हुई। मीटिंग में दोनों के बीच क्या बातचीत हुई, इस पर आधिकारिक रूप से कुछ सामने नहीं आया है। हालांकि एक वीडियो जरूर चर्चा में है जिसमें दोनों नेताओं की गाड़ियां बंगले से बाहर आती नजर आ रही हैं।

Filmi तड़का

चंद्रमुखी 2 : ऑस्कर विनर ने कंगना के साथ कंपोज किया 'स्वागतांजलि'

मुंबई। चंद्रमुखी 2 में कंगना रनौत का अवतार एक दम अनोखा होने वाला है। फिल्म के टीजर के बाद अब पहला गाना मेकर्स ने सोशल मीडिया पर रिलीज कर दिया है। चंद्रमुखी 2 के स्वागतांजलि सॉन्ग में कंगना रनौत चेहरे पर तेज के साथ मुस्कान लिए बेहद ही खूबसूरत क्लासिकल डांस करती नजर आ रही हैं। स्वागतांजलि गाने की शुरुआत खूबसूरत म्यूजिक के साथ होती है, फिर चेहरे पर तेज और मुस्कान लिए कंगना रनौत की झलक देखने को मिलती है। कंगना रनौत स्वागतांजलि गाने में ट्रेडिशनल सफेद साड़ी पहने सीढ़ियों से अदाओं के साथ उतरती दिखाई देती हैं। फिर एक्ट्रेस की आंखों की चमक म्यूजिक और लिरिक्स के कमाल कॉम्बिनेशन के साथ बांध देती हैं। कंगना रनौत का क्लासिकल डांस और एक्सप्रेशन्स स्वागतांजलि गाने को और भी खूबसूरत बना रहे हैं। स्वागतांजलि सॉन्ग का फिलहाल तमिल वर्जन सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है। इस गाने को कंपोज ऑस्कर विनर एमएम कीरवानी ने किया है। साथ ही इस गाने को आवाज श्रीनिधि तिरुमाला ने दी है। स्वागतांजलि के लिरिक्स लिखने का काम चैतन्य प्रसाद ने किया है।

दूसरे दिन भी 'गदर 2' की धुआंधार कमाई, माउथ पब्लिसिटी में ओएमजी 2 आगे

मुंबई। बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गदर 2' शुक्रवार को रिलीज हो गई। 'गदर 2' के साथ 'ओएमजी 2' ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दी है। फिल्म ने पहले दिन शानदार कमाई की। दूसरे दिन भी रफ्तार कायम रही। वहीं 'ओएमजी 2' ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। पहले लग रहा था कि 'गदर 2' के आगे 'ओएमजी 2' की मुश्किलें बढ़ सकती हैं लेकिन फिल्म ने अच्छी टक्कर दी है। 'गदर 2' ने सिंगल स्क्रीन्स में नए रिकॉर्ड सेट कए। सनी देओल को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ सिनेमाघरों में पहुंच रही है। पहले दिन 'गदर 2' ने 40.10 करोड़ का कलेक्शन किया। यह इस साल की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म भी बन गई है। 55 करोड़ के साथ 'पठान' पहले नंबर पर है। शनिवार को 'गदर 2' के कलेक्शन के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस ऑक्यूपेंसी को देखते हुए फिल्म 42 करोड़ के आस-पास कमा सकती है। इस तरह 2 दिन में 'गदर 2' का कलेक्शन 82.10 करोड़ पहुंच गया। 'ओएमजी 2' को क्रिटिक्स के अच्छे रिव्यूज मिले। 'गदर 2' की रिलीज के बावजूद 'ओएमजी 2' ने पहले दिन 10.26 करोड़ का शानदार बिजनेस किया। फिल्म के विषय की चर्चा है।

नोटिफिकेशन नियम नहीं माने तो हो सकता है लाइसेंस रद्द, एनएमसी ने जारी किए निर्देश

अब डॉक्टरों को प्रिस्क्रिप्शन में लिखनी होंगी जेनेरिक दवाएं

● नई दिल्ली / एजेंसी

नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के नए नियमों के मुताबिक, अब डॉक्टरों को प्रिस्क्रिप्शन में जेनेरिक दवाएं लिखनी होंगी। आसान भाषा में कहें तो डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन में सिर्फ यह लिखेगा कि उस बीमारी के लिए मरीज को क्या फॉर्मूला लेना है, न की किसी ब्रांड की दवा का नाम। ऐसा न करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई होगी। यहां तक की कुछ समय के लिए उनका लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है।

एनएमसी ने 2 अगस्त को प्रोफेशनल कंडक्ट ऑफ रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर रेगुलेशन जारी किया। जिसमें बताया गया कि इंडियन मेडिकल काउंसिल की ओर से 2002 में जारी नियमों में ऐसे मामलों में सजा देने का जिक्र नहीं था।

मरीजों के दुर्व्यवहार पर इलाज से इनकार कर सकेंगे डॉक्टर्स

इधर, डॉक्टरों के खिलाफ हो रही हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए एनएमसी ने नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर कहा गया कि रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिसनर्स उन मरीजों या रिश्तेदारों का इलाज करने से इनकार कर सकते हैं, जो डॉक्टरों के साथ गाली-गलौज व हिंसा करने पर उतारू हो जाते हैं।

डॉक्टरों को कई बार दी जा चुकी है चेतावनी

इससे पहले भी कई बार डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं न लिखने पर कार्रवाई की चेतावनी दी जा चुकी है। मई 2023 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने कहा- केंद्र सरकार ने अस्पतालों, स्वास्थ्य योजना कल्याण केंद्रों और पॉलीक्लिनिक के डॉक्टरों को कई बार जेनेरिक दवाएं लिखने के निर्देश जारी किए हैं। इसके बावजूद अस्पतालों के रेजिडेंट और एक्सपर्ट्स डॉक्टर मरीजों को प्रिस्क्रिप्शन में ब्रांडेड दवाएं लिख रहे हैं। अब ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कमाई का बड़ा हिस्सा दवाओं पर खर्च रहे लोग

एनएमसी के रेगुलेशन के मुताबिक, देश में लोग अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य पर खर्च कर रहे हैं। जिसमें बड़ी राशि सिर्फदवाएं पर खर्च की जा रही है। रेगुलेशन में कहा गया कि जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड मेडिसन की तुलना में 30 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक सस्ती हैं। ऐसे में अगर डॉक्टर मरीजों को प्रिस्क्रिप्शन में जेनेरिक दवाएं लिखेंगे तो हेल्थ पर होने वाले खर्च में कमी आएगी। एनएमसी ने कहा कि अस्पतालों और स्थानीय फार्मेसियों को भी जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए। मरीजों को इसके बारे में जागरूक करना चाहिए। उन्हें जन औषधि केंद्रों और अन्य जेनेरिक फार्मेसी दुकानों से दवाएं खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

कायस्थ महासभा का संपर्क, संवाद, सम्मान,और संघर्ष ही मूल मंत्र : मुक्तेश्वर श्रीवास्तव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजीपुर के तत्वावधान में महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आमघाट स्थित रमन जी श्रीवास्तव के आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सिविल बार संघ के निर्वाचित महासचिव रतन जी श्रीवास्तव का जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव और जिला महामंत्री अरूण सहाय ने माल्यार्पण कर एवं अंगम् वस्त्रम् तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि पेंशनर कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष एवं महासभा के प्रान्तीय उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने रतन जी को बधाई देते हुए कहा कि सिविल बार संघ में इनके निर्वाचित होने से समाज का गौरव? बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कायस्थ महासभा अपने समाज की उभरती प्रतिभाओं का हौसला अफजाई करने एवं उनका उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से उनका सम्मान करती रही है और हमेशा करती रहेगी। उन्होंने कहा कि कायस्थ महासभा आज सम्पर्क, संवाद, सम्मान और संघर्ष के मूलमंत्र पर चल रही है । आज उसी मूलमंत्र के तहत यह सम्मान समारोह आयोजित है।उन्होंने अपने समाज के लोगों से राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया और कहा कि विकास की कुंजी सत्ता के हाथो में हैं बिना सत्ता में भागीदारी के समाज का विकास संभव नहीं है। महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने इस समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई और देश को पुनर्गठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला कायस्थ समाज आज राजनीतिक दलों की उपेक्षा के चलते हाशिए पर हैं । देश की सबसे शान्तिप्रिय और राष्ट्रभक्त समाज को राजनीतिक दल पीछे ढकेलने की साज़िश कर रहे हैं । अब हमें इस साज़िश का पदार्फाश कर अपनी ताकत के बल पर सियासी दुनिया में जगह बनाने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी गिनती करानी ही होगी, घर में बैठे कुछ मिलने वाला नहीं है । उन्होंने कहा कि हमारी खामोशी ही हमारी सबसे बड़ा कमजोरी साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक ताकत हासिल करनी है तो इसके लिए संघर्ष ही एकमात्र रास्ता है । उन्होंने कहा कि बिखरा हुआ समाज इतिहास नहीं बनाता इतिहास बनाने के लिए जरूरत है संगठित होने की । उन्होंने कहा कि आज जरूरत है एकजुट होकर एकता और ताकत दिखाने की । अपने स्वागत से अभिभूत सिविल बार संघ के महासचिव रतन जी श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज जरूरत है सभी को एक मंच पर आकर समाज को संगठित और मजबूत करने की । उन्होंने कहा हम लगातार राजनीति के क्षेत्र में पिछड़ते जा रहे हैं। सियासी गलियारों में हमारी पकड़ लगातार कमजोर पड़ती जा रही है। हमें अपने महापुरुषों के बतायें रास्ते पर चलकर अपना खोया हुआ सियासी मुकाम हासिल करना होगा। इस समारोह में मुख्य रूप से सिविल बार संघ के पूर्व उपाध्यक्ष रणजीत लाल श्रीवास्तव, शैल श्रीवास्तव, परमानन्द श्रीवास्तव, संतोष कुमार श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ सुधीर कुमार श्रीवास्तव, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, अमर श्रीवास्तव, अमरनाथ श्रीवास्तव,दीपक श्रीवास्तव, रमन जी श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, संदीप कुमार वर्मा, गौरव श्रीवास्तव, कमल प्रकाश श्रीवास्तव, ए.के.सिन्हा आदि उपस्थित थे। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव व संचालन जिला महामंत्री अरूण सहाय ने किया । बैठक के अंत में इस कार्यक्रम के आयोजक विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुनकर प्रमिला गुप्ता को 15 अगस्त को विशेष अतिथि के रूप में वाराणसी से बुलाया दिल्ली

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संदीप कुमार सिंह मंत्री कृषक विकास ग्रामोद्योग संस्थान सिरिहिरा सेवापुरी वाराणसी (उत्तर प्रदेश) खादी उत्पादन का कार्य कई वर्षों से वाराणसी जिले के ब्लाक बड़ागांव ,आराजी लाइन, सेवापुरी के कमजोर निर्धन ,निर्बल परिवार को रोजगार देने में सहयोग करते हैं जिससे क्षेत्र के हजारों परिवारो को खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करायी जाती है जिससे उनके परिवार का भरण पोषण , कताई प्त बुनाई के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है जिससे मजदूरी के अतरिक्त सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि उनके बैंक खाते में भेज दी जाती है संदीप कुमार सिंह मंत्री कृषक विकास ग्रामोद्योग संस्थान सिरिहिरा सेवापूरी वाराणसी के अथक प्रयास से सैकड़ों गांव की महिलाओं को शत प्रतिशत रोजगार मिलता है साथ-साथ खादी कामगारों को सरकार के माध्यम से खादी आवास भी उपलब्ध कराते हैं` बीच-बीच में बुनकरो को मंत्री जी के द्वारा प्रोत्साहित करते हुए घरेलू सामान जैसे स्टील का कंडाल , टोपा, कुकर ,बड़ा डेगा इत्यादि सामान देकर बुनकरों को प्रोत्साहित करते हैं` संस्था के मंत्री संदीप सिंह ने बुनकर प्रमिला को दिल्ली के लिए स्टेशन पर छोड़कर रवाना किए संस्था की महिला बुनकर प्रमिला गुप्ता को वाराणसी जिले से 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण को लाल कि ले के ऐतिहासिक प्राचीन से सुनने का सौभाग्य मिला हैं मैं क्षेत्र की जनता व खादी कामगारों की तरफ से प्रधानमंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं।

सर्वसम्मति से ममसाद अंसारी बने सभासद संघ के अध्यक्ष, अमित और फैसल उपाध्यक्ष

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुहम्मदाबाद स्थानीय नगर क्षेत्र में कुल 25 वार्ड हैं। 25 वार्ड के सभासदों ने आज वार्ड के विकास तथा अपने अधिकार और सम्मान के लिए एक संगठन का निर्माण किया। संगठन के निर्माण हेतु शनिवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। स्थानीय नगरपालिका के सभी सदस्यों ने वार्ड नंबर 23 के सभासद ममसाद अंसारी के घर पर बैठक करके अपने वार्ड के विकास के लिए और सभासद के सम्मान के अधिकार के लिए आपस में विचार व्यक्त किया। बैठक में सभी सदस्यों ने एक सुर में सभासद यूनियन का अध्यक्ष ममसाद अंसारी तथा उपाध्यक्ष अमित कुमार चौरसिया उर्फ डब्बू व उपाध्यक्ष फैसल खान को सर्वसम्मति से चुना । आपस में सभी सदस्यों ने तय किया कि अपने वार्ड में विकास के लिए हम सभी सभासदों ने कमर कस लिया है ।सभासदों के साथ कोई भी भेदभाव या दूरव्यवहार होगा तो यह किसी के लिए ठीक नहीं होगा। बैठक में अनूप शर्मा, वकार अहमद, राकेश यादव, सीतादेवी, हैदर राईनी ,अजय गुप्ता, संजय शर्मा, वजीर अंसारी, सुरजीत पांडे, धर्मचंद चौधरी, ओमप्रकाश ,राजू कुशवाहा ,शेख अब्दुल्ला, दानिश अंसारी ,शिव शंकर बिंद, संजीव बिहार ,सत्येंद्र मौजूद रहे सभा की अध्यक्षता ममसाद अंसारी ने की। बैठक के अंत में अध्यक्ष ने सबका आभार व्यक्त कर सभा का समापन किया।

विधायक ने पौधरोपण कर लोगों को किया जागरूक

प्रखर रामनगर वाराणसी। स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल परिसर में शनिवार दोपहर कैंटोमेंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण कर लोगो को जागरूक किया। उन्होंने परिसर में छायादार व फलदार दर्जनों पौधों को रोपित किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक वातावरण में संतुलन बनाये रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। पौधरोपण के साथ ही हम सभी को इन पौधों को गोंद लेकर संरक्षित करना चाहिए बड़े होने पर यह पौधे हमारे द्वारा किये गए श्रमदान का हजार गुना लौटाते है बीते दिनों जन्मदिन पर लखनऊ में मौजूद रहने के कारण भाजपा कार्यकताओं ने मा मंशा देवी मंदिर के समीप विधायक से केक कटवाकर उनका जन्मदिन मनाया साथ ही उनके दीघार्यु होने की कामना की। इस दौरान संतोष द्विवेदी,अशोक जायसवाल, सुश्री आशा गुप्ता, डॉ अनुपम गुप्ता, नंदलाल चौहान, सृजन श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह, जितेंद्र पाण्डेय, प्रीति सिंह, रितेश राय, कुलदीप सेठ, जय चौहान, लल्लन सोनकर आदि मौजूद रहे।

आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रकृति नवजीवन ट्रस्ट के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन श्री ब्रह्मचारी संस्कृत महाविद्यालय तिलमापुर पर आयोजित किया गया` जहां अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेश महासचिव संपूणार्नंद पांडे के द्वारा आजादी के महत्व को बतलाया गया और ट्रस्ट के महासचिव विजय द्वारा शहीदों के बलिदान को याद करते हुए विस्तृत चर्चा की गई` कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अधिवक्ता शैलेश कुमार पांडेय के द्वारा किया गया` ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा के द्वारा अपील किया गया कि आप सभी लोग अपने घर, ऑफिसर, कार्यालय आदि पर तिरंगा फहरा कर आजादी का अमृत महोत्सव मनाए` कार्यक्रम में महासचिव विजय , कोषाध्यक्ष अंजनी ,अधिवक्ता राजेश सिंह बब्बू, आशीष शुक्ला , जितेंद्र पांडेय , निखिल पांडेय और संस्कृत महाविद्यालय के अध्यापकगण एव छात्रगण मंदिर प्रांगण में उपस्थित पुजारी व दर्शनार्थिगण की उपस्थिति रही।

कोटेदारों के साथ हो रही सरकार द्वारा नाइंसाफी : राष्ट्रीय सचिव

प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी आज पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार जो सबका साथ और सबका विकास की बात करती है लेकिन उत्तर प्रदेश के 80000 हजार कोटेदारों के साथ नाइंसाफी कर रही है।पुरे देश मे उत्तर प्रदेश से अच्छा वितरण व्यवस्था कही नही है।और उत्तर प्रदेश के 16 करोड जनता को खाद्यान्न वितरण किया जाता है इन राशन डीलरो के माध्यम से और देश के आनलाइन डाटा में उत्तर प्रदेश को नम्बर वन माना गया है। लेकिन दुःख सिर्फ इस बात का हैं कि यहां कोटेदारों का कमीशन पूरे देश से सबसे कम है बीते विधानसभा चुनाव मे इसी खाद्यान्न वितरण व्यवस्था से सरकार को 16%वोट प्राप्त हुआ था।यह उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार का दावा है।करौनाकाल में प्रदेश के कोटेदारों द्वारा अपने और अपने परिवार की चिंता किये बगैर सभी को खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया था। लेकिन उसके बदलें में सरकार द्वारा कुछ भी नहीं किया गया। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार को इसे कभी नहीं भुलना चाहिए कि जो 16%वोट बढा सकतें हैं वहीं लोग 16%घटा भी सकते हैं।अगर जल्द उत्तर प्रदेश सरकार कोटेदारों का कमीशन 200रुपए नहीं किये तों पूरे प्रदेश में एक आंदोलन शुरू किया जायेगा।और काम रोको आंदोलन शुरू किया जायेगा। तथा आगामी लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम भी देखने को मिल सकता है।हाल में हरियाणा सरकार 200रुपए कमीशन वहां के कोटेदारों का किया है।और यहां पैसा नहीं है।जबकि हर महीने 500करोड की बचत ईपोश मशीन से वितरण में सरकार को बचता है। मैं प्रदेश के कोटेदारों से यह अपील करता हूं कि आप लोग अगली लड़ाई के लिए तैयार रहें।

समाजवादियों ने किया समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर नवमनोनीत समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश सचिव आशीष गुप्ता का भव्य स्वागत समारोह आयोजित हुआ। इस स्वागत समारोह में उपस्थित पार्टी के सभी नेताओ एवं कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उन्हें बधाई दी और उनके मनोनयन के लिए राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी ने जिस भरोसे और विश्वास के साथ आशीष गुप्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी है। ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए उस भरोसे और विश्वास पर शत प्रतिशत खरा उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि? आज देश के मजदूरों और कर्मचारियों के समक्ष गंभीर संकट पैदा हो गया है। मोदी सरकार द्वारा आये दिन देश? की तमाम कल कारखानों और औधोगिक संस्थाओं को निजी हाथों में सौंपने और उनके बंद हो जाने से उन कल कारखानों में काम करने वाले मजदूर कर्मचारियों के समक्ष रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन कल कारखानों से निकाले गये मजदूर कर्मचारियों के बच्चों का पालन पोषण कैसे होगा, उनके बच्चों की शिक्षा दीक्षा कैसे होगी,उनकी बेटियो के हाथ पीले कैसे होंगे ,यह सवाल उनके सामने यक्ष प्रश्न की तरह खड़ा हो गया है। लेकिन देश की सरकार उनकी समस्याओं को लेकर संवेदनहीन बनी हुई है। सरकार को मजदूर वर्ग की कोई चिन्ता नहीं है वह केवल पूंजीपति घरानों की तिजोरी भरने में व्यस्त हैं। अपने स्वागत से अभिभूत नवमनोनीत प्रदेश सचिव आशीष गुप्ता ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि देश आज गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है । भाजपा सरकार की जनविरोधी आर्थिक नीतियों के चलते आमजन की जिंदगी मुश्किल में पड़ गई है । भाजपा सरकार को आमजन की कोई चिंता नहीं है । इस सरकार को केवल देश के पूंजीपति घरानों के हित की चिंता है । देश का गरीब मंहगाई की आग में झुलस रहा है,उसका दोनों वक्त का चुल्हा जलना मुश्किल हो गया है लेकिन भाजपा सरकार मंहगाई पर रोक न लगाकर लगातार गरीबों के विरोध में और पूंजीपतियों के हित में फैसले ले रही है । उन्होंने कहा कि योगी राज में केवल अराजकता और अव्यवस्था फैली है । भाजपा सरकार का आचरण और भाषा दबंगई और दंगाई प्रवृत्ति का है। समाज में नफरत के बीज बो रही है भाजपा सरकार ।उन्होंने भाजपा को झूठ गढ़ने में माहिर बताते हुए कहा कि यह सरकार केवल जनता के बुनियादी सवालों को हल न कर केवल उनके सामने झूठ परोसने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतांत्रिक और संवैधानिक मयार्दा को ध्वस्त करने का काम किया है?। उन्होंने कहा कि नौजवानों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों से देश का अन्नदाता आत्महत्या करने को मजबूर हैं ।यह सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश सचिव जमुना यादव, रामेश्वर प्रजापति पंकज यादव, आनन्द प्रकाश यादव, राजेश यादव, चन्द्रभान कुशवाहा, विद्या सागर यादव, विवेक यादव, रामलाल, मनीष कुशवाहा, रवि प्रताप सिंह, प्रिंस, नीरज कुमार, अशोक कुमार,लड्डन खां आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव एवं मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया।

मानवता ही सच्चा धर्म हैं : अल मेहंदी मानव सेवा ट्रस्ट

प्रखर जौनपुर। बड़ा गांव शाहगंज में मियाँ अब्दुल गौस गांव में एक मेडिकल कैम्प और सबील का कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ जिसमे करीब सैकड़ों लोगों को विभिन्न बीमारियो का चेक अप कर सलाह दी गई तथा फर्स्ट एड् किट, मरहम पट्टी के साथ साधारण इस्तेमाल होने वाली दवाइयां वितरित की गई तथा सभी को स्वस्थ और निरामया होने की गुण सिखाए गए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि ने कहा की आज बड़ी बड़ी बीमारियो में लोग सिर्फ अपने शरीर के प्रति जागरूक न होने के कारण ही अस्वस्थ रहते है, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन वास करता है,इस लिए सभी लोगो को अपने स्वास्थ्य पर जरूर ध्यान देना पड़ेगा इस मौके पर संस्थापक /अध्यक्ष इफ्तिखार हुसैन ,उपाध्यक्ष हुसैन हैदर खान ,सचिव खुर्शीद, एजाज मोहसिन खान, शाहिद हुसैन, वसी अहमद ,निजाम, शज्जर अब्बास डॉ. सरफराज ,डा मुफीद, शहंशाह, डा फैज, मो. मेंहदी ,डॉ अमीर, सबीह हैदर ,मो. आदिल, मेराज हाशमी ने शिरकत किया। आए हुए लोगो ने स्वास्थ्य लाभ लिया और ट्रस्ट के प्रति अपना आभार प्रकट किया ।

संक्षिप्त खबरें

बाबतपुर में आरओबी निर्माण के दौरान सर्विस रोड बन्द किये जाने पर किया प्रदर्शन

प्रखर पिंडरा वाराणसी। बाबतपुर में बन रहे रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे सर्विस रोड न दिए जाने के कारण रविवार को आप आदमी पार्टी के कार्यकताओं और ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर सर्विस बन्द करने के लिए चलाए जा रहे जेसीबी मशीन को बंद करवा दिया। बताते चलें कि बाबतपुर में आरओबी बनने के कारण पीडब्ल्यूडी के द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण किये बिना सर्विस रोड गंगापुर - मंगारी मार्ग पर पत्थर से बंद कर देने से प्रतिदिन आने जाने वाले आम लोगों और छात्र छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कठिनाई को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने उक्त रोड पर धरना प्रदर्शन किया। इस बाबत पार्टी कार्यकताओं ने बताया कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सर्विस रोड न होने का हवाला देकर हाथ खड़े कर दिए हैं। जबकि इस रोड से गंगापुर व मंगारी के आसपास के क्षेत्रीय लोगों के साथ आधा दर्जन स्कूलो के बच्चों आवागमन होने के साथ 100 मीटर दूरी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। उक्त अस्पताल व स्कूल पहुचने के लिए लोगो को 4 किमी का चक्कर लगाना पड़ेगा। वही उक्त रास्ता बन्द कर दिए जाने से स्कूल के बच्चों और क्षेत्रीय लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी व क्षेत्रीय जनता ने प्रशासन से मांग की है सर्विस रोड देकर ही आरओबी का निमार्ण किया जाय। जिससे आम लोगों को आवागमन में सुबिधा हो। इस दौरान प्रमोद पाण्डेय, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ पप्पू सिंह, विजयनाथ पाण्डेय,अमित मिश्रा, रामजी मिश्रा, ग्राम प्रधान गंगापुर लालचंद, प्रमोद पाण्डेय नन्हे गुरु, मुलचंद कवि, मुन्ना सिंह, राजेश,संदीप व रमजान समेत अनेक लोग रहे।

मुकदमा वापस लो, नहीं तो मार देंगे गोली

एफआईआर दर्ज होने से बौखलाए आरोपियों ने दी धमकी, एक आरोपी का पिस्टल के साथ वीडियो हुआ वायरल



प्रखर जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में प्राण घातक हमला के आरोपी मनबढ़ युवकों ने मुकदमा वापस न लेने पर गोली मारने की धमकी दी है। जिसमें से एक आरोपी का पिस्टल के साथ वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। भुक्तभोगी परिवार के लोग भयभीत हैं। भकुरा गांव निवासी अमित वर्मा के पुत्र शिवम वर्मा को विगत एक अगस्त की शाम सात बजे नहर के पास गांव के विक्की यादव पुत्र पन्ना लाल यादव, भीष्मा यादव पुत्र वासदेव यादव, कुलदीप कन्नौजिया पुत्र झगडू कन्नौजिया व दिनकर यादव पुत्र कृपाशंकर यादव समसपुर पनियरियां ने पंच, चुल्ला एवं धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया था।पिता की तहरीर पर पुलिस ने धारा 323, 308, 506 एवं 324 में मुकदमा दर्ज किया था।जिसमें अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नही हो हुई है।अमित वर्मा अपने घर से सिद्दीकपुर जा रहा थे कि रास्ते में दिनकर यादव पुत्र कृपाशंकर यादव समसपुर पनियरियां,पड़ोसी अशोक यादव पुत्र पारस नाथ यादव ने बुलाकर धमकी देते हुए कहा कि अपनी तहरीर वापस लेलो नही तो गोली मार देंगे।जब जिन्दा ही नही रहोगे तो मुकदमा क्या लड़ोगे।तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुमने एफआईआर दर्ज करा दिया। तुम्हें और तुम्हारे परिवार के लोगों को भी एससी एसटी के मुकदमा में फंसाएंगे।दबंग की धमकी से भूक्तभोगी परिवार के लोग भयभीत हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है।

योगी मोदी सरकार के कार्यों को देख विपक्ष में घबराहटः डॉ. सूर्य कुमार शुक्ला

प्रखर खेतासराय जौनपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व डीजी कमांडेंट, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के सलाहकार डॉ सूर्य कुमार शुक्ला ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को देख कर विपक्ष घबरा गया है । उनके पास कोई मुद्दा नही है । बीजेपी ने जमीन पर उतर कर कार्य किया है । विपक्षियों की गठजोड़ इण्डिया विफल साबित होगा । वह रविवार को लखनऊ से वाराणसी जाते समय नगर में सम्भ्रांति लोगों से मुलाकात कर उनका हॉल जाना । खुटहन रोड स्थित दुर्गावती हॉस्पिटल में रुके 1982 बैच के रिटायर्ड सीनियर आईपीएस श्री शुक्ल पत्रकारों के सवालों का जवाब भी दिये । सदन में पूर्व सीएम अखिलेश यादव के सरकार पर हमला के बाबत कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पलटवार से उनकी आवाजे बन्द हो गई है । आज पूरे सूबे में चिकित्सा व्यस्था में जो सुधार हुआ है यह अपने आप मे ऐतिहासिक है । लोगों को अब दवा के लिए भटकना नही पड़ रहा है । विपक्षी पार्टियों के महागठबंधन के बाबत कहा कि विपक्ष सिर्फ सत्ता के लिए मंथन कर रहे है । यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों का पूरा विश्व प्रशंशा कर रहा है । केंद्र में पुनः बीजेपी सरकार बनेगी । इस मौके पर प्रमुख रूप से अखिलेश पांडेय, दीनानाथ राजभर, चंद्रशेखर राजभर, सभासद अमित सोनकर, सुरेंद्र पांडेय, मनदीप पांडेय, ब्रजेश पांडेय, शिव कुमार पांडेय, ब्रजेश दूबे समेत अन्य लोग शामिल रहे ।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं